सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-264, पृष्ठ : 12 | शुक्रवार, 04 अप्रैल, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# वक्फ बिल राज्यसभा में भी पास

## पीएम मोदी बोले- यह बड़ा सुधार, ट्रांसपेरेंसी बढ़ाएगा

### विरोध जारीः कांग्रेस-डीएमके जाएंगे सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल देर रात को 12 घंटे से ज्यादा लंबी की चर्चा के बाद राज्यसभा से भी पास हो गया। बिल के पक्ष में 128 और विरोध में 95 वोट पड़े।

इससे पहले बुधवार को लोकसभा में यह बिल 12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। अब यह बिल राष्ट्रपति के पास जाएगा। उनकी स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वक्फ संशोधन बिल के पास होने को एक बड़ा सुधार बताया। उन्होंने आज सुबह एक्स पर लिखा कि यह कानून ट्रांसपेरेंसी बढ़ाएगा और गरीब-पसमांदा मुस्लिमों के अधिकारों की रक्षा करेगा।

इससे पहले बिल पर चर्चा के दौरान बीजू जनता दल ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी नहीं किया था। पार्टी ने कहा था- सांसद अपनी अंतरात्मा की सुनें और वक्फ बिल पर फैसला लें। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने चर्चा के दौरान कहा- वक्फ ने एक बार ताजमहल पर भी दावा कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई थी।

इधर, विपक्ष वक्फ संशोधन बिल को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर रहा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बाद अब कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि वह बिल को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने यह जानकारी देते हुए एक्सप पर लिखा- संविधान की रक्षा के लिए हर मंच पर आवाज उठाते रहेंगे।

वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद आज पहला जुमा है। यूपी के कई शहरों में तनाव के मद्देनजर फ्लैग मार्च निकाला गया। दिल्ली, मुंबई सहित देश के दूसरे शहरों में भी पुलिस हाई अलर्ट पर हैं।

> वक्फ संपत्तियों में सालों से गड़बड़ी हो रही थी, जिससे खासतौर पर मुस्लिम महिलाओं और गरीबों को नुकसान हुआ। यह नया कानून इस समस्या को दूर करेगा।
>
> **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**



### जदयू के समर्थन से 5 मुस्लिम नेताओं ने विरोध में पार्टी छोड़ी

जदयू ने वक्फ बिल संशोधन बिल पर मोदी सरकार का समर्थन किया है। इसके बाद बिल को समर्थन देने से नाराज 5 मुस्लिम नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। इनमें अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहम्मद शाहनवाज मलिक, प्रदेश महासचिव मो. तबरेज सिद्दीकी अलीग, भोजपुर से पार्टी सदस्य मो. दिलशान राईन और मोतिहारी की ढाका विधानसभा सीट से पूर्व प्रत्याशी मोहम्मद कासिम अंसारी शामिल हैं।



### जल्दबाजी में लाया गया है यह बिलः मायावती

वक्फ संशोधन बिल पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि केंद्र सरकार इस बिल को जल्दबाजी में लाई है। अगर इस बिल को समझने के लिए जनता को और समय दिया जाता तो अच्छा होता।

एक्स पर जारी किए गए बयान में उन्होंने कहा कि संसद में वक्फ संशोधन बिल पर सत्ता पक्ष व विपक्ष को सुनने के बाद, निष्कर्ष यही निकलता है कि केन्द्र सरकार यदि जनता को इस बिल को समझने के लिए कुछ और समय दे देती तथा उनके सभी सन्देहों को भी दूर कर-के जब इस बिल को लाती तो यह बेहतर होता। उन्होंने कहा कि दुःख की बात यह है कि सरकार ने इस बिल को बहुत जल्दबाजी में लाकर इसे पास कराया है।

### एक्टर-डायरेक्टर मनोज कुमार का 87 की उम्र में निधन



**मुंबई।** एक्टर मनोज कुमार का आज सुबह मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में निधन हो गया। वे 87 साल के थे। वे विशेष रूप से अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने जाते थे। उन्हें भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता था। उपकार, पूरब-पश्चिम, क्रांति, रोटी-कपड़ा और मकान उनकी बेहद कामयाब फिल्में रहीं।

मनोज कुमार के बेटे कुणाल गोस्वामी ने अठक को बताया, 'उन्हें लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां थीं। यह भगवान की कृपा है कि उन्हें आखिरी समय में ज्यादा परेशानी नहीं हुई, शांतिपूर्वक उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनका अंतिम संस्कार कल सुबह 11 बजे मुंबई के पवनहंस श्मशान घाट पर होगा।' पीएम मोदी, अक्षय कुमार, विवेक अग्निहोत्री जैसे तमाम सेलेब्स इस गहरे आघात पर अपने शोक व्यक्त कर रहे हैं।

MANGAL Padam Street
Prakhchi Police Chouki Crossing
Shastri Puram, Agra
www.up-rera.in | UPRERAPRJ402944

व्यापार की नई शुरुआत, मंगल पदम स्ट्रीट के साथ

Shops | Showroom | Office

2X Double Height Shop
100 Ft. Road
Parking
Easy Connectivity
Appx. 2.5 Population
Lift




★ADA★ APPROVED

HAPPY NAVRATRI OFFER
Book Now Your Dream home & Get a Chance to Win
Dubai Trip | Interior Consultation | Iphone | Laptop | Gold Coin

Marketed By :
BPA Balaji™ Properties Arcade
UPRERAAGT11143

+91 8650 11 99 22

# छत्तीसगढ़ समेत 17 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

## कर्नाटक में 7.5 डिग्री तक पारा गिरा, हैदराबाद की चारमीनार को नुकसान पहुंचा

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए बिहार, छत्तीसगढ़ समेत 17 राज्यों में आंधी और तेज हवा चलने का अलर्ट जारी किया है। झारखंड में ओले गिरने के साथ बारिश हो सकती है। इसके अलावा देश के दक्षिणी राज्यों में तेज बारिश की आशंका है। गुजरात में हीट वेव और उमस बनी रह सकती है।

बीते दिन कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना के अलग-अलग इलाकों में बारिश हुई। बारिश के बाद कर्नाटक के अधिकतम तापमान में 7.5 डिग्री तक की गिरावट देखी गई। इधर, राजस्थान में आंधी-बारिश देखने को मिली। हालांकि, बाड़मेर, जैसलमेर के एरिया में गर्मी बढ़ने लगी है।

तेलंगाना के यादाद्री-भुवनगिरी जिले में 97.8 एमएम बारिश हुई। वहीं, हैदराबाद में 91एमएम हुई। इस वजह से चारमीनार के प्लास्टर का एक हिस्सा टूट गया। अरक ने बताया कि मीनार के दूसरे तल की टुकड़ा गिरा है। गिरा हुआ हिस्सा पत्थर के स्ट्रक्चर के ऊपर सजावटी हिस्सा था।

वहीं, दिल्ली में बीते दिन सीजन का सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 15.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे पहले 26 मार्च को सबसे ज्यादा तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था।



# ट्रंप टैरिफ के ऐलान के बाद अमेरिकी बाजार 6% तक गिरा



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति के रेसिप्रोकल टैरिफ के ऐलान के बाद 3 अप्रैल को अमेरिकी शेयर बाजार का इंडेक्स डाउ जोन्स 1,679 पॉइंट (3.98%) गिरकर 40,545 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, एसएंडपी 500 इंडेक्स में 274 पॉइंट (4.84%) की गिरावट रही। ये 5,450 के स्तर पर आ गया। नैस्डेक कंपोजिट सबसे ज्यादा 1,050 अंक (5.97%) गिरकर बंद हुआ।

नाइकी, बोइंग, एपल और अमेजन जैसी कंपनियों के शेयरों में 15% तक की गिरावट आई। एयरलाइन, क्लोदिंग, रिटेल, टेक्नोलॉजी, बैंक सभी सेक्टर के शेयरों में गिरावट आई। इस गिरावट से अमेरिकी शेयर बाजार का मार्केट कैप करीब 2 ट्रिलियन डॉलर (170 लाख करोड़ रुपए) कम हो गया। एसएंडपी 500 इंडेक्स का मार्केट कैप 2 अप्रैल को 47.681 ट्रिलियन डॉलर था, जो 3 अप्रैल को घटकर करीब 45.373 ट्रिलियन डॉलर पर आ गया है।

**कंपनियों को मुनाफा कम होने का डर:** अमेरिका ने सभी आयातित सामानों पर 10% न्यूनतम टैरिफ और कुछ देशों (जैसे चीन पर 34%, वियतनाम पर 46%) पर इससे भी ज्यादा शुल्क लगाने का ऐलान किया है। इससे वहां से आने वाले सामानों की कीमत बढ़ जाएगी। इससे कंपनियों की लागत बढ़ेगी, जिसका असर उनके मुनाफे पर पड़ेगा। मुनाफा कम होने की आशंका से निवेशकों ने शेयर बेचना शुरू कर दिया है, जिससे बाजार में गिरावट है।

**ग्लोबल ट्रेड वॉर का डर:** अमेरिकी की ओर से टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद दूसरे देश भी जवाबी टैरिफ लगा सकते हैं। मिसाल के तौर पर, अगर भारत पर 26% टैरिफ लगा है, तो भारत भी अमेरिकी सामानों पर शुल्क बढ़ा सकता है। इससे ग्लोबल ट्रेड में रुकावट आ सकती है, जिससे सप्लाई चेन प्रभावित होगी। इस अनिश्चितता से निवेशक घबरा गए है और उन्होंने शेयर बाजार से पैसा निकालना शुरू कर दिया है।

**9 अप्रैल से लागू होंगे रेसिप्रोकल टैरिफ**

अमेरिका में आने वाले सभी सामानों पर 10% बेसलाइन (न्यूनतम) टैरिफ लगेगा। बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल को और रेसिप्रोकल टैरिफ 9 अप्रैल को रात 12 बजे के बाद लागू होंगे। बेसलाइन टैरिफ व्यापार के सामान्य नियमों के तहत आयात पर लगाया जाता है, जबकि रेसिप्रोकल टैरिफ किसी अन्य देश के टैरिफ के जवाब में लगाया जाता है।

## मुंबई से लखनऊ आ रहे विमान में मच्छरों का आतंक

**मुंबई।** उड़ान में मच्छरों से परेशान यात्रियों ने शिकायत की है। इससे पहले 31 मार्च को चेन्नई की फ्लाइट में भी यात्रियों ने अमौसी एयरपोर्ट पर शिकायत की थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

इंडिगो की फ्लाइट 6ई-643 मुंबई से रोजाना सुबह पौने पांच बजे उड़ान भरकर अमौसी सुबह 6:50 बजे पहुंचती है। इसमें सफर करने वाले दिलीप की ओर से शिकायत की गई कि सुबह की फ्लाइट ने जैसे ही उड़ान भरी, मच्छरों ने काटना शुरू कर दिया। सभी यात्री मच्छरों से परेशान दिखे। इसकी शिकायत क्रू से की गई, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। विमान की अन्य यात्री प्रिया राजपाल ने घटना का वीडियो बनाकर इंडिगो एयरलाइंस से शिकायत की है।

# शाह बोले- मणिपुर में 4 महीने से शांति

## खड़गे ने कहा- मोदी बताएं, वहां क्यों नहीं गए

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे दोनों सदन से मंजूरी मिल गई। लोकसभा में शाह ने कहा- दिसंबर से मार्च तक बीते चार महीनों से मणिपुर में कोई हिंसा नहीं हुई है। राहत कैंपों में खाने-पीने, दवाइयों और मेडिकल सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।



अमित शाह ने कहा- हाईकोर्ट के एक फैसले के बाद मणिपुर में दो समुदायों के बीच आरक्षण संबंधी विवाद के कारण जातीय हिंसा शुरू हुई। ये न तो दंगे हैं और न ही आतंकवाद। उन्होंने बताया कि इस हिंसा में 260 लोगों की मौत हुई। इनमें से 80% मौतें पहले महीने में, जबकि बाकी मौतें बाद के महीनों में हुईं।

दरअसल, मई 2023 से मणिपुर में हिंसा शुरू हुई थी। 9 फरवरी को तत्कालीन मुख्यमंत्री एन बीरेन के इस्तीफा के बाद मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लगाया गया। नियम के तहत 2 महीने के भीतर सरकार को दोनों सदनों से राष्ट्रपति शासन को लेकर परमिशन लेनी पड़ती है।

शाह ने कहा-मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद मैतेई और कुकी दोनों कम्युनिटी के बीच 13 बार बातचीत हुई। गृह मंत्रालय जल्द दिल्ली में एक संयुक्त बैठक करेगा। सरकार हिंसा को समाप्त करने का रास्ता खोजने के लिए काम कर रही है।

खड़गे बोले- मणिपुर जल रहा, लेकिन मोदी वहां नहीं गए राज्यसभा में प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- मणिपुर जल रहा है, लेकिन पीएम मोदी वहां एक भी बार नहीं गए। राज्य में यौन हिंसा की घटनाएं हुईं, फिर भी भाजपा चुप रही। मणिपुर में भाजपा की डबल इंजन सरकार विफल हो गई। सदन को मणिपुर के लोगों को शांति का संदेश देना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी को यह बताना चाहिए कि उन्होंने मणिपुर का दौरा क्यों नहीं किया। उन्हें वहां जाना चाहिए और कानून व्यवस्था ठीक करना चाहिए।

# पीएम ने कहा-मुश्किल वक्त में म्यांमार के साथ है भारत

**बैंकॉक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर थाईलैंड में हैं। पीएम मोदी बृहस्पतिवार को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक पहुंचे थे जहां भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका गर्मजोशी के साथ शानदार स्वागत किया था। इस बीच शुक्रवार को पीएम मोदी ने बैंकॉक में म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात की है।

पीएम मोदी इस मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन से इतर म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात की। हाल ही में आए भूकंप के कारण हुई जानमाल की हानि पर एक बार फिर संवेदना व्यक्त की। भारत इस कठिन समय में म्यांमार के अपने भाइयों और बहनों की सहायता के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। हमने भारत और म्यांमार के बीच द्विपक्षीय संबंधों, विशेष रूप से कनेक्टिविटी, क्षमता निर्माण, बुनियादी ढांचे के विकास और अन्य क्षेत्रों पर भी चर्चा की।



**म्यांमार में आया था विनाशकारी भूकंप**

म्यांमार में बीते सप्ताह शुक्रवार को विनाशकारी भूकंप आया था जिससे इमारतें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। भूकंप की चपेट में आने से 3000 से अधिक लोगों की मौत भी हो गई है। चार हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। भारत ने इस मुश्किल समय में म्यांमार को राहत सामग्री भी भेजी है।

**भूकंप के बाद पीएम मोदी ने की थी जनरल से बात**

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विनाशकारी भूकंप के बाद एक्स पोस्ट करते हुए कहा था, म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

## अपना ब्रज

शुक्रवार, 04 अप्रैल, 2025 www.nnindianews.com



## 20 बीघा खेतों में फैली आग, फसल हुई राख

**मथुरा** एनएनआई। गोवर्धन क्षेत्र के नगला पंजाबी में हाईटेंशन लाइन से गिरी चिंगारी ने किसानों की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। करीब 20 बीघा खेतों में फैली आग ने कटी हुई फसल, खड़ी फसल और भूसे को जलाकर राख कर दिया।

किसान आग की लपटें देखते ही खेतों की ओर दौड़े। उन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग ने विकराल रूप ले लिया था। किसानों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिला प्रशासन भी हरकत में आ गया है। उप जिलाधिकारी ने स्थानीय लेखपाल को फसल के नुकसान का आकलन कर जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। बदलते मौसम के साथ क्षेत्र में आग की घटनाएं बढ़ रही हैं। किसानों में दहशत है क्योंकि अभी भी खेतों में काफी कटी फसल रखी है। किसान मांग कर रहे हैं कि तहसील स्तर पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी तैनात की जाए। इससे आग लगने पर तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी।

## खड़े कैंटर में लगी भीषण आग

**फिरोजाबाद** एनएनआई। द्वारिका पुरी इलाके में गुरुवार की आधी रात को एक खड़े कैंटर में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

दमकल की टीम के पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों ने नाले से बाल्टी में पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटनास्थल पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं मिला। कैंटर के मालिक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। आग लगने के कारणों का भी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और कैंटर मालिक की जानकारी जुटाने में जुटी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब वह घर में सो रहे थे तब अचानक बाहर आग लगने का शोर सुनाई दिया। जब वह मौके पर पहुंचे तो कैंटर गाड़ी में आग भड़क रही थी। मोहल्ले के सभी लोग एकजुट हो गए और नाले में से पानी बाल्टियों में भरकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे लेकिन जब सफलता नहीं मिली तब फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाई है।



## वक्फ संशोधन विधेयक ऐतिहासिक एवं सराहनीय कदमः सांसद नवीन जैन

एनएनआई



**नई दिल्ली/आगरा।** राज्यसभा सांसद नवीन जैन का कहना है कि ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 देश में पारदर्शिता, न्याय और सुशासन को बढ़ावा देगा। मुसलमानों में अहमदिया, बरेलवी जैसे पिछड़े, अति पिछड़े बंधुओं की प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। वक्फ के नाम पर सरकारी ही नहीं मुसलमानों की संपत्तियों पर भी अवैध कब्जा कर रखा है, जो अब नहीं रहेगा। सांसद जैन ने बताया कि असली मुस्लिम वक्त संशोधन के समर्थन में हैं। यही कारण है कि वक्फ संशोधन का कोई सार्वजनिक विरोध नहीं हो रहा है। धारा 370 हटाने पर भी कोई विरोध नहीं हुआ था। स्पष्ट है कि आम मुस्लिम वक्फ में संशोधन चाहता है। यही कारण है कि सरकार संशोधन बिल लेकर आई है और राज्यसभा में भी पारित होगा।

सांसद जैन ने बताया कि इस संशोधन के माध्यम से वक्फ संपत्तियों पर एकाधिकार समाप्त होगा और इनका वास्तविक एवं पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। यह विधेयक अवैध कब्जों पर रोक लगाएगा, जिससे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर इसे वक्फ संपत्ति घोषित करने की प्रवृत्ति समाप्त होगी। इससे गरीब मुस्लिम समुदाय को वास्तविक लाभ मिलेगा और उनके सामाजिक व आर्थिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त होगा। सांसद नवीन जैन ने बताया कि यह विधेयक यह सुनिश्चित करेगा कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग केवल धार्मिक और जनहितकारी कार्यों में हो, न कि कुछ गिने-चुने व्यक्तियों के स्वार्थ की पूर्ति के लिए। इस संशोधन से पारदर्शिता बढ़ेगी, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा और वास्तविक जरूरतमंद मुस्लिमों को उनके अधिकार मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक सभी धर्मों के बीच समानता और न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह "सबका साथ, सबका विकास" की नीति को सशक्त करेगा और देश के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगा। इस सराहनीय निर्णय के लिए प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को धन्यवाद है।

## बिना झंझट होंगे बांके बिहारी के दर्शन, बनेगी अत्याधुनिक पार्किंग

एनएनआई




**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए एक बड़ी सौगात मिलने वाली है। ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने 35.54 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक टूरिस्ट फैसिलिटी कार पार्किंग के निर्माण का निर्णय लिया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए सात करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी कर दी गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस पार्किंग सुविधा का उद्देश्य बांके बिहारी मंदिर समेत मथुरा-वृंदावन में बढ़ती यातायात समस्या को दूर करना और पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक पार्किंग सुविधा वृंदावन के राजपुर बांगर क्षेत्र में विकसित की जाएगी। ग्राउंड फ्लोर पर बसों की पार्किंग की विशेष व्यवस्था होगी, जबकि पहले से चौथे तल तक कारों के लिए पर्याप्त पार्किंग जगह उपलब्ध रहेगी। इस परियोजना के पूरा होने से श्रद्धालुओं को वाहन पार्किंग में होने वाली परेशानी से मुक्ति मिलेगी और वृंदावन की सड़कों पर यातायात भी सुगम होगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने व श्रद्धालुओं को सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। जयवीर सिंह ने बताया कि सरकार के निरंतर प्रयासों के तहत वृंदावन सहित ब्रज क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं को तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। पर्यटन विभाग मथुरा आने वाले आगंतुकों को उन्नत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए संकल्पबद्ध है, जिससे न केवल उनकी यात्रा सुविधाजनक होगी, बल्कि वृंदावन का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी और अधिक बढ़ेगा।

## जन्मभूमि मामले की अगली सुनवाई छह मई को

**मथुरा** एनएनआई। भगवान श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर का केस लड़ रहे पक्षकार दिनेश फलाहारी ने बताया कि श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर से ईदगाह मस्जिद को हटाने वाले केस में सुनवाई हुई, न्यायालय में हिंदू पक्ष और मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं के मध्य में बहस हुई। पिछली तारीख में हिंदू पक्ष के प्रार्थना पत्र पर माननीय न्यायालय में एएसआई को पार्टी बनाया जिस पर माननीय न्यायालय ने 5000 का जुर्माना लगाकर उसको स्वीकार कर लिया। पंडित दिनेश फलाहारी ने बताया कि मुस्लिम पक्ष केवल कांग्रेस सरकार द्वारा बनाया गया पूजा उपासना अधिनियम 1991 को आधार बनाकर मामले को लंबा खींचने में लगा हुआ है जबकि उसके पास कोई भी प्राचीन साक्ष्य मौजूद नहीं है जिसको वह न्यायालय में दिखा सके। ज हिंदू पक्ष की तरफ से राधे रानी को पार्टी बनाने के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया गया, जिस पर माननीय न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अगली सुनवाई के लिए 6 मई की डेट लगा दिया है।

## पत्नी के पास आकर बैठता, तो कर दी हत्या

**फिरोजाबाद** एनएनआई। पुलिस ने शिवम यादव हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी योगेन्द्र कुमार को एक भट्टे से गिरफ्तार किया है। योगेन्द्र कुशवाह मार्केट कोटला रोड का रहने वाला है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी गारमेंट्स की दुकान है, जहां उसकी पत्नी बैठती थी। मृतक शिवम यादव वहां आकर बैठता था और लोगों से दुकान में अपनी पार्टनरशिप होने की बात करता था। योगेन्द्र ने बताया कि उसकी पत्नी के साथ उसके दो-तीन मुकदमे डबरई कोर्ट में चल रहे हैं। आरोपी ने कहा कि शिवम की वजह से मोहल्ले में उसकी बदनामी हो रही थी। उसने कई बार शिवम को घर न आने की चेतावनी दी, लेकिन वह नहीं माना। शिवम के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी ने बताया कि एक दिन जब शिवम उसके घर से मोटरसाइकिल लेकर निकला, तो उसने कार से पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में आरोपी की कार भी क्षतिग्रस्त हो गई और उसे भी चोटें आईं। वह इलाज के लिए वहां से चला गया था।

# कागारौल में 23 लाख की चोरी, पुलिस मौके पर



## 8 लाख कैश और 15 लाख की ज्वैलरी पार

एनएनआई

**आगरा।** चोरों ने एक घर से आठ लाख कैश और 15 लाख की ज्वैलरी उड़ा दी। चोरी की सूचना पर डॉग स्कवायड और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच चुकी है। पूरा गांव इकट्ठा हो गया है। चोर ज्वैलरी और कैश के साथ लाइसेंसी रायफल भी ले गए हैं।

घटना कागारौल के मसेल्या गांव की है। सुभाष चाहर अपने पिता के साथ इसी गांव में रहते हैं। पिता दंगल देखने के लिए गांव से बाहर गए हुए थे। घर में सुभाष और उनकी पत्नी थे। रात में 4-5 बदमाश घर में घुसे। सुभाष और उनकी पत्नी को कमरे में बंद किया। इसके बाद पूरा घर खंगाला। अलमारियां तोड़ कर उसके अंदर रखा 5.70 लाख रुपये कैश और लगभग 15 लाख की ज्वैलरी ले गए हैं।

आलू बेचने पर आया था पैसा

सुभाष ने पुलिस को बताया कि हाल में ही आलू बेचा था। जिससे पैसा आया था। इसलिए कैश घर में रखा था। सुबह कुछ लोग गांव में टहलने निकले तो एक खेत में संदूक, कपड़े आदि पड़े मिले। उन्होंने तुरंत गांव में सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। जांच की जा रही है। डॉग स्कवायड और फोरेंसिक टीम भी मौके पर है।

# मिश्रित आबादी में अलर्ट

## ड्रोन से छतों पर निगरानी, रद्द की गई पुलिस की छुट्टी

एनएनआई

**आगरा।** वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद जिलेभर में अलर्ट घोषित कर दिया गया है। अति संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है। पुलिस की छुट्टी रद्द कर दी गई है। फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, एक्स जैसे सोशल मीडिया पर वक्फ बिल के बारे में की जा रहीं टिप्पणियों की साइबर सेल निगरानी कर रही है। भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

मुस्लिम और मिश्रित इलाकों में पुलिस महकमा अलर्ट पर है। मुतवल्ली और अन्य संभ्रांत लोगों से संबंधित थाने की पुलिस संपर्क बनाए है। अपर पुलिस आयुक्त संजीव त्यागी ने बताया कि बुधवार से ही संवेदनशील इलाकों में गश्त और निगरानी बढ़ा दी गई है। यह ध्यान रखा जा रहा है कि किसी तरह की कोई गलतफहमी वक्फ बिल के बारे में न फैले। लोगों से कहा गया है कि वह सोशल मीडिया पर किसी भी तरह के आपत्तिजनक कमेंट से बचें।

ड्रोन से होगी नमाज की निगरानी

जुमे की नमाज पर पुलिस का पूरा ध्यान है। शाही जामा मस्जिद पर पुलिस के साथ पीएसी भी तैनात रहेगी। प्रमुख मस्जिदों में होने वाली नमाज के दौरान काली पट्टी आदि पर भी नजर रखी जाएगी। अपर पुलिस आयुक्त का कहना है कि जुमे की नमाज के लिए पुलिस की ड्यूटियां लगा दी गई हैं।








# आगरा का युवक अंबाला में लापता, परिजन परेशान

**आगरा** एनएनआई। हरियाणा के अंबाला में युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। युवक कंपनी के काम से गुरुवार दोपहर को निकला था। जिसके बाद वापस नहीं लौटा। जिसके बाद उसकी कंपनी के अन्य साथियों को चिंता हुई। साथियों ने आसपास खूब तलाश की, लेकिन कोई सफलता हासिल नहीं हुई। जिसके बाद वह देर रात अंबाला कैंट थाने पहुंचे और मुकदमा दर्ज कराया।

अंबाला कैंट के आलू गोदाम रोड स्थित एक कंपनी के मदन ढिल्लो ने अपनी दर्ज कराई शिकायत में कहा है कि उसकी कंपनी में आगरा का रहने वाला मुकेश अस्थान काम करता है। जो वीरवार दोपहर से लापता हुआ है। अब उसकी तलाश में पुलिस जुट गई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है।

मुकेश अस्थान आगरा का रहने वाला है। वह अंबाला कैंट के रानीबाग इलाके में किराए पर रहता है। वहीं, कंपनी में वह मैनेजर के पद पर तैनात था। वह वीरवार दोपहर करीब 2.30 दोपहर को अपनी स्कूटी पर सवार होकर कम्पनी से किसी ग्राहक के पास जाने के लिएहोकर कम्पनी से किसी ग्राहक के पास जाने के लिए निकला था। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। इस पर कंपनी के साथियों को चिंता हुई। उन्होंने आस पास खूब तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका है।

मदन ढिल्लो के अनुसार वह कंपनी से किसी ग्राहक को मिलने गया था। जिसके बाद से वह लापता है। उन्होंने बताया कि उसके पास कंपनी का महंगा लैपटॉप भी है। जिस वजह से चिंता और बढ़ रही है। कहीं, किसी ने उसके साथ लूट की घटना तो नहीं कर दी इसको लेकर कंपनी के लोग परेशान हैं। अंबाला कैंट थाने के एसएचओ अजैब सिंह के अनुसार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवक की तलाश में जुट गए हैं। वो किस ग्राहक से मिलने गया था, इसको लेकर भी जांच जारी है। इसके साथ ही सीसीटीवी और मोबाइल सर्विलेंस की मदद से उसकी खोज की जा रही है।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन


# मर्डर-सुसाइड से सदमे में परिवार, नहीं लिखा मुकदमा

एनएनआई

**एत्मादपुर।** यमुना किनारे के गांव रहनकलां की मर्डर-सुसाइड मिस्ट्री से परिजन सदमे में हैं। एक तरफा प्रेम के मामले में घटित इस घटना में दो तरफा रिश्तेदारी होने के चलते तीसरे दिन भी पुलिस के पास कोई तहरीर देने नहीं पहुंचा। फिलहाल मृतक युवती और युवक का पोस्टमार्टम पुलिस करा चुकी है। दोनों मृतकों के शवों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी मिल चुकी है। साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। उसका कहना है कि अगर परिजन कोई तहरीर देते हैं तो केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि बुधवार की दोपहर फिरोजाबाद के नगला सिंघी थाना क्षेत्र के गांव रामगढ़ बजेरा निवासी युवक दीपक ने अपने बड़े भाई की ससुराल रहनकलां में आकर एकतरफा प्यार में भाई की साली की बंद कमरे में तमंचा से गोली मारकर हत्या करने के बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर दोनों के शवों को बाहर निकाला था। कल दोनों मृतकों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है।



रहनकलां प्रकरण में अभी किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। इस कारण मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया है।

विजय विक्रम सिंह, प्रभारी निरीक्षक पुलिस थाना एत्मादपुर

# सामाजिक समस्याओं के समाधान को जीवनभर लड़े ठाकुर चरन सिंह



एनएनआई

**एत्मादपुर।** श्री सिद्ध गुफा संवाई धाम की संपत्ति कब्जाने का विवाद हो या फिर सिंचाई विभाग के बंबा की जमीन पर अतिक्रमण का मामला। किसानों को ओलावृष्टि का मुआवजा न मिलने पर किया गया आंदोलन हो या फिर पीड़ित को थाना से दुत्कार कर भगाने को दिया गया धरना। 75 वर्षीय ठाकुर चरन सिंह (नेताजी) ने क्षेत्रीय सामाजिक न्याय, उत्थान और समस्याओं के समाधान के लिए निडरता से जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। उनका व्यक्तित्व युवाओं को सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

उक्त विचार ग्राम संवाई के सरकारी बीज गोदाम परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि व क्षेत्रीय ग्रामीणों ने व्यक्त किए। सिस्टम सुधार संगठन के अध्यक्ष ठाकुर अंशुमन ने कहा कि नेताजी संगठन के संस्थापक संरक्षक थे। वह प्रत्येक कार्यकर्ता का अभिभावक की तरह मदद और मार्गदर्शन करते थे। संचालन जितेन्द्र कुमार त्यागी ने किया।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

न्यूज नेक्स्ट इंडिया
अपना आगरा

शुक्रवार, 04 अप्रैल, 2025 www.nnindianews.com



# रिहावली पर बांध बनने से जल समस्या का होगा समाधान

**जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के समक्ष उठाई क्षेत्र की जल समस्या**

- पूर्व विधायक डॉ. राजेंद्र सिंह के साथ डॉ. मंजू भदौरिया ने सीएम की मुलाकात

एनएनआई



**आगरा/ लखनऊ।** जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया और पूर्व विधायक डॉ. राजेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री के समक्ष आगरा के ग्रामीण अंचल की जल समस्या को रखा और बताया कि सात नदियों वाला जिला होने के बाद भी आगरा जल संकट से जूझता है। उन्होंने कहा कि आगरा में यमुना, चंबल, उटंगन, खारी, किवाड़, क्वारी, बाणगंगा आदि नदियां बहती हैं। उन्होंने बताया कि चम्बल में मध्य प्रदेश और राजस्थान में बांध बनाकर पानी रोक लिया जाता है। बहुत कम पानी आगरा को मिल पाता है। बारिश होने पर राजस्थान के बांधों से अतिरिक्त पानी छोड़ दिया जाता है जिससे आगरा में बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। उन्होंने मांग की कि चंबल में समुचित पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सीएम को बताया गया कि यमुना में पानी की मात्रा बहुत कम हो गई है और ऊपर से भारी प्रदूषण है। मथुरा, वृंदावन के अलावा आगरा में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तो हैं, लेकिन ये काम नहीं कर रहे, जिससे यमुना में प्रदूषण और अधिक बढ़ रहा है। उन्होंने मांग की कि आगरा में यमुना रिवर फ्रंट विकसित किया जाए और बंद चल रहे एसटीपी को क्रियाशील किया जाए। मुख्यमंत्री को बताया कि उक्त नदियों के अलावा शेष पांच नदियां जल शून्य की स्थिति में हैं। उटंगन नदी में पहले साल भर पानी रहता था। राजस्थान में पांचना बांध पर उटंगन का पानी रोक लिया गया है। पांचना बांध से आगरा के हिस्से का पानी छुड़वाने के साथ ही आगरा में रिहावली पर बांध भी बनाया जाए। इसी प्रकार खारी, किवाड़, बाणगंगा आदि में वर्ष भर पानी रहे, इसके इंतजाम किये जाएं। डॉ. मंजू भदौरिया ने मुख्यमंत्री से शमसाबाद में राजकीय विद्यालय खोलने और फतेहाबाद में दो पशु चिकित्सालयों की भी मांग की। पूर्व विधायक डॉ. राजेंद्र सिंह द्वारा आगरा बैराज की ओर ध्यान दिलाए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आगरा में नगला पैमा पर बैराज का निर्माण जल्द शुरू होगा। एक अनापत्ति शेष है। मिलते ही बैराज का निर्माण शुरू हो जाएगा।

# आगरा के रंगमंच का अनमोल रत्न हैं अलका सिंह: विधायक खंडेलवाल

**रंगमंच अभिनेत्री अलका सिंह को भारतेंदु रंगमंच शिल्पी सम्मान**



- संकल्प सेवा संस्था ने किया सम्मानित

एनएनआई

**आगरा।** संकल्प सेवा संस्था की ओर से हिंदी रंगमंच दिवस पर कृष्णा पैलेस सिकंदरा स्थित हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ मंत्रोच्चारण के साथ पं.ब्रह्मदत्त शर्मा ने किया। समारोह में आगरा की वरिष्ठ रंगमंच अभिनेत्री नटरांजलि थियेटर आर्ट्स की संस्थापक निदेशक अंतर्राष्ट्रीय ताज रंग महोत्सव की संयोजक रंगमंच अभिनेत्री अलका सिंह शर्मा को भारतेंदु रंगमंच शिल्पी सम्मान से नवाजा गया।

यह सम्मान विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, पं. ब्रह्मदत्त (महासचिव ब्राह्मण परिषद्), सतीश पाहूजा (संरक्षक-संकल्प सेवा संस्था), बृजेश पंडित, रितु गोयल ने दिया।

संकल्प के अध्यक्ष बृजेश पंडित ने रंगमंच अभिनेत्री अलका सिंह शर्मा की रंगमंचीय यात्रा का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया एवं बताया कि अलका सिंह शर्मा का आगरा के रंगमंच एवं प्राचीन एवं विलुप्त होती लोकनाट्य विद्या भगत के संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान पर भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा जूनियर फैलोशिप प्राप्त कर शहर का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर अलका ने ढ़पली पर प्रेरक गीत 'औरों के हित जो जीता है, औरों के हित जो मरता है उसका हर आंसू रामायण, प्रत्येक कर्म ही गीता है' प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने अलका सिंह शर्मा को आगरा के रंगमंच का अनमोल रत्न बताया एवं भगत विधा को संरक्षित एवं पोषित करने के लिए प्रत्येक प्रकार से वचनबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर मधु शर्मा, विनीता सिंह, धर्मवीर कौशिक, मुकेश निर्वाणिया, अंशुल पंडित, आशीष लवानियां, अर्जुन सिंह, रोहित उपाध्याय, शाहतोष गौतम, सुनीलदत्त शर्मा, दिव्य दत्त शर्मा, रेखा गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

# यमुना कभी अपवित्र नहीं हो सकती : नीतू सिंह

**बल्केश्वर पार्वती घाट पर यमुना महारानी का दिव्य चुनरी मनोरथ**



एनएनआई

**आगरा।** यमुना महाआरती आयोजन समिति की ओर से युमनोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को बल्केश्वर स्थित पार्वती घाट पर यमुना महारानी का दिव्य चुनरी मनोरथ आयोजन हुआ। हजारों मीटर लंबी साड़ियों से बनी आकर्षक को आपस में जोड़कर नावों में बैठकर यमुना के एक तट से दूसरे तट तक ले जाकर चुनरी पहनाई।

संस्थापिका नीतू शर्मा ने बताया कि यमुना कभी भी अपवित्र नहीं हो सकती। वर्तमान में वह प्रदूषित हो चुकी है। प्रशासन तथा आम जन मानस को मिलकर साफ-स्वच्छता का ध्यान रखना होगा। जिससे यमुना को पुराने दिव्य स्वरूप में वापस लाया जा सके। अध्यक्ष हर्षदत्त शर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम पार्वती घाट पर सभी लोगों ने मां यमुना को साड़ी अर्पण की उसके बाद सभी ने मां यमुना की आरती की। आयोजन में अध्यक्ष हर्ष दत्त शर्मा, रिंकू वर्मा, अमित सिंगल, संजय गोयल, विकास अग्रवाल, धीरू गोयल, अभिषेक जैन, सारिका रानी, प्रीति अवस्थी, श्वेता, भावना, हर्ष, धवन, पूजा, सुनीता, संगीता, रमा गुप्ता यमुना भक्त उपस्थित रहे।

# शीतल जल से गर्मी में कंठ होगा तर

**भाविप निकुंज के यमुना किनारा रोड पर लगाई मिनरल वाटर की प्याऊ**

एनएनआई



**आगरा।** भारत विकास परिषद निकुंज ने यमुना किनारा रोड होटल एलीवेट के सामने ठंडा मिनरल वाटर की प्याऊ लगाई है। शुभारंभ विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, एडिशनल पुलिस कमिश्नर संजीव कुमार त्यागी एवं शासकीय अधिवक्ता बसंत गुप्ता ने किया।

निकुंज शाखा के संस्थापक अध्यक्ष तथा क्षेत्रीय संयोजक प्रमोद सिंघल ने बताया कि निकुंज शाखा इस तरह के मिनरल वाटर की प्याऊ का संचालन कई वर्षों से करता आ रहा है जो गर्मी के मौसम में राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने का काम करेगा। प्रतिदिन 4000 से 5000 राहगीर पानी पीते हैं। कार्यक्रम संयोजक आशीष गर्ग, कन्हैया अग्रवाल, दीपक शर्मा, कपिल गर्ग, रवि गर्ग, नितिन बंसल, राहुल गोयल, लविश मंगल रहे। निकुंज शाखा के संरक्षक विनय सिंघल, सुभाष कुमार वर्मा के साथ अध्यक्ष राजेश कुमार गर्ग, सचिव भगवान सिंघल, कोषाध्यक्ष प्रवीण गर्ग, महिला संयोजका नीलम अग्रवाल ने सभी सदस्यों तथा संयोजकों का धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में सीए विवेक अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पंकज बंसल, कुलदीप महेश्वरी, विपिन अग्रवाल, प्रवीण मित्तल, अमित गर्ग, अमित अग्रवाल, पंकज गर्ग, रोहित आयलानी, प्रतीक गर्ग, संदीप गुप्ता, अभिसार गुप्ता अंकित अग्रवाल, सीके सारस्वत, दिनेश भाटिया, रोहित गुप्ता, पवन अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, विनय लूथरा, विनोद गर्ग, अंकुर मित्तल, संतआधार उपस्थित रहे।

# मरीजों को मिलेगा लाभ, नई रेडियोलॉजी तकनीक से चिकित्सक होंगे दोचार

**एसएन के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में एक्स-रे यूनिट का उद्घाटन!**

एनएनआई

**आगरा।** एसएन मेडिकल कॉलेज के नए सर्जिकल ब्लॉक के प्रथम तल पर स्थापित रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में एक्स-रे यूनिट की स्थापना की गई है। उद्घाटन प्राचार्य एवं डीन डॉ. प्रशांत गुप्ता ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि एक्स-रे मशीन सर्जिकल ब्लॉक के सभी मरीजों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। इस भवन में भर्ती रोगियों के लिए पहले से ही मोबाइल एक्स-रे सुविधा उपलब्ध है।

रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के डॉ. गजेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि मशीन से मरीजों को लाभ मिलने के साथ ही विभाग के रेजिडेंट डॉक्टरों को चेस्ट रेडियोलॉजी की तकनीकों को सीखने का अवसर मिलेगा।

यह एक्सरे मशीन इस भवन के सभी रोगियों में टीबी की स्क्रीनिंग में लाभकारी होगी। मेडिकल कॉलेज के एसआईसी, डॉ. बृजेश शर्मा ने कहा कि कई बार कुछ विशेष एक्स-रे की आवश्यकता होती है, जो मोबाइल एक्स-रे यूनिट से नहीं लिए जा सकते। इस नई सुविधा से इस भवन में भर्ती सर्जरी विभाग, ईएनटी विभाग और ऑर्थो विभाग के मरीजों को बेहतर और त्वरित एक्स-रे सेवाएं इसी भवन में मिलेंगी।

रेडियो-डायग्नोसिस विभागाध्यक्ष, डॉ. हरि सिंह ने कहा कि यह 500 सीआर सिस्टम चिकित्सकों की नैदानिक क्षमता को बढ़ाएगा और मरीजों को रेडियो-डायग्नोसिस विभाग में स्थानांतरित करने की जरूरत भी नहीं होगी। इस अवसर पर डॉ. संतोष कुमार ,डॉ. सचिन गुप्ता, विनोद शर्मा (नर्सिंग इंचार्ज) तथा रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के सभी रेजिडेंट डॉक्टर उपस्थित रहे।





एसएन मेडिकल कॉलेज की बाउंड्री का जीर्णोद्धार का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता द्वारा किया गया। यह जानकारी डॉ. प्रीति भारद्वाज द्वारा दी गई।

# आगरा में पहली बार रोबोटिक सर्जरी से घुटना प्रत्यारोपित

एनएनआई

**आगरा।** प्रत्यारोपण केपी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज बाग मुज्जफर खान के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण गुप्ता और उनकी टीम ने फुल-एक्टिव रोबोटिक तकनीक का उपयोग कर-के घुटने का सफल प्रत्यारोपण किया। यह शहर में अपनी तरह का पहला ऑपरेशन है, जिसने चिकित्सा जगत में नए युग की शुरूआत की है।

डॉ. अरुण गुप्ता और उनकी टीम ने ऑपरेशन में फुल-एक्टिव रोबोटिक तकनीक का उपयोग किया। जिससे घुटने के प्रत्यारोपण को अधिक सटीक और सुरक्षित बनाया गया। रोबोट ने पहले से ही घुटने के सीटी स्कैन से प्राप्त इमेज को संयोजित कर एक सटीक इंप्लांट और कट दिए, जिससे सर्जन को बारीकी से और बेहद सटीकता से काम करने में मदद मिली। इस ऑपरेशन में डा. जीसी गुप्ता, डा. अभिषेक, कुणाल सिंहल, संजय व अन्य ओटी स्टाफ का योगदान रहा। केपी इंस्टीट्यूट के सीईओ अक्षत अग्रवाल ने बताया कि हाल के अध्ययनों ने रोबोटिक सहायता से घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी से जुड़े बेहतरीन नतीजों को लगातार प्रदर्शित किया है। इस प्रक्रिया से गुजरने वाले मरीज पारंपरिक तरीकों की तुलना में ज्यादा संतुष्टि स्तर और बेहतर संयुक्त कार्य की रिपोर्ट करते हैं।



यह रोबोटिक शल्य क्रिया आगरा की चिकित्सा जगत में एक नई युग की शुरूआत का प्रतीक है।

ऑपरेशन के दौरान रोबोट की सहायता से सर्जन ने घुटने के जोड़ को अधिक सटीकता से तैयार किया और प्रत्यारोपण को सफलतापूर्वक स्थापित किया। यह रोबोटिक शल्य क्रिया न केवल घुटने के प्रत्यारोपण को अधिक सटीक और सुरक्षित बनाती है, बल्कि यह चिकित्सा जगत में नए अवसरों को भी खोलती है।

# आगरा कॉलेज में पार्किंग शुल्क हटे, बाहरी लोगों की एंट्री हो बंद

**भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने उठाई मांग**



**आगरा (एनएनआई)।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन आगरा कॉलेज द्वारा छात्र-छात्राओं की समस्याओं को लेकर आगरा कॉलेज प्राचार्य प्रो. चित्र कुमार को ज्ञापन दिया। प्राचार्य ने आश्वाशन दिया है कि जल्द समस्याओं का समाधान किया जाएगा। संगठन की मांग है आगरा कॉलेज में डिजिटल लाइबेरी बनाई जाए और फीस के साथ पार्किंग शुल्क हटाया जाए। क्लास नियमित रूप से चालू की जाए तथा बाहरी लोगो का आना बंद हो। आगरा कॉलेज अध्यक्ष अनिल सूर्यवंशी ने कहा अगर हमारी मांगों पर जल्द समाधान नहीं हुआ तो एनएसयूआई आगरा कॉलेज घेराव करेंगी। श्याम सुंदर, आरव पांडे, देवप्रकाश, वर्षा खान अभिषेक, यतेंद्र बघेल, सौरभ, कुणाल सुमित,रणवीर आदि एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# जैसा जनमानस वैसा ही होता है रंगमंचः रामवीर सिंह

एनएनआई

**आगरा।** जैसा दर्शक का जनमानस होता है और वह समाज में परिलक्षित होता है, वैसा ही उस क्षेत्र का रंगमंच विकसित होता है। यह कहना है हिंदी के वरिष्ठ समीक्षक और केंद्रीय हिंदी संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. रामवीर सिंह का। श्री सिंह आज यहां सांस्कृतिक संस्था 'रंगलीला', एसिड हमलों की शिकार महिलाओं का आंदोलन 'शीरोज हैंगआउट' और 'ब्रज' की पहली महिला पत्रकार प्रेमकुमारी शर्मा स्मृति संगठन' द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित हिंदी रंगमंच दिवस 25 के विषय 'जनमानस का दर्पण है हिंदी रंगमंच' में बोल रहे थे। प्रो. सिंह ने आजादी के आंदोलन का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय जैसा जनता का मानस था वैसा ही वह नाटकों में परिदर्शित हो रहा था। हिंदी के वरिष्ठ लेखक व कथाकार अरुण डंग ने आजादी पूर्व के आगरा के दो बड़े नाटककारों का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने जो नाटक रचे वे आजादी की लड़ाई के साथ गुत्थमगुत्था जुड़े हुए थे। उन्होंने पृथ्वीराज कपूर और उनके पृथ्वी थियेटर के कुछ नाटकों का उल्लेख किया। वरिष्ठ रंगकर्मी प्रो. ज्योत्स्ना रघुवंशी और डॉ. विजय शर्मा ने कहा कि दो दशकों में जो रंगमंच विकसित हुआ है वह पौराणिक और मिथकीय नाटकों से ऊपर नहीं उठ पाया है। दिल्ली विश्वविद्यालय की मास कम्युनिकेशन और दूरसंचार विभाग की रिटायर्ड अध्यक्ष प्रो. विनीता गुप्ता ने मिथकीय नाटकों में वर्तमान जनमानस के स्वर को अनुपस्थिति पाने की घटना पर अफसोस जताया। संचालन प्रो. नसरीन बेगम ने किया जबकि आयोजन आशीष शुक्ल व रामभरत उपाध्याय ने किया। धन्यवाद वरिष्ठ रंगकर्मी मनोज सिंह ने किया। स्वागत युवा रंगकर्मी हिमानी चतुर्वेदी ने किया। आयोजन समिति की ओर से 'खलीफा फूलसिंह यादव सम्मान' से मथुरा की वरिष्ठ नौटंकी कलाकार कमलेश लता आर्य को सम्मानित किया गया। उनके पुत्र विजय कुमार विद्यार्थी ने सम्मान ग्रहण किया। रंगलीला ने कथावाचन की विशिष्ट प्रस्तुति में प्रेमचंद की कहानी 'पूस की रात' का रंगपाठ किया। अभिनय प्रथम यादव व निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी अनिल शुक्ल ने किया। ज्योति खंडेलवाल, शलभ भारती, मनीषा शुक्ला, भरतदीप माथुर, आभा चतुर्वेदी, रुनु दत्त, नीरज जैन, डॉ. सीपी राय, अखिलेश दुबे, अनिल शर्मा, नरेश पारस, महेश धाकड़, सुनयन शर्मा, रोमी चौहान, सत्यम शुक्ला, गिरिजाशंकर शर्मा, दिलीप रघुवंशी उपस्थित रहे।



## स्कूल संचालकों की मनमानी पर डीएम ने लिया संज्ञान, आज करेंगे बैठक

# शिकायतों के बाद 46 स्कूलों को नोटिस

एनएनआई

**आगरा।** बुक स्टोर संचालकों की मनमानी की शिकायतों का संज्ञान डीएम ने लिया है। आज डीएम शहर के कई स्कूलों के प्रिंसिपल और शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बीएसए ने 34 और डीआईओएस ने 12 स्कूलों को नोटिस दिया है।

**बुक स्टोर के खिलाफ भी होगा एक्शन**

नए सत्र से पहले हर साल बुक स्टोर संचालकों की मनमानी और स्कूलों का दबाव पेरेंट्स को झेलना पड़ता है। महंगी किताबों, कॉपियों, स्टेशनरी, फीस, यूनीफॉर्म के बोझ तले पेरेंट्स खुल कर बोल नहीं पाते हैं क्योंकि उन्हें अपने बच्चे की चिंता होती है। पिछले लंबे समय से कई संस्थाएं इसके विरोध में बोल रही थीं। पेरेंट्स की आवाज को उठा रही थीं। डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी ने कहा कि लगातार मिल रही शिकायतों को नजरदांज नहीं किया जाएगा। जो स्कूल ऐसा कर रहे हैं, उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। पेरेंट्स का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। इसे लेकर ही शुक्रवार को बैठक की जा रही है। जिन स्कूलों को नोटिस जारी हुए हैं, उन्हें बैठक में रहना अनिवार्य है।

## बिना बिल के बिक रहीं महंगी किताबें, जीएसटी चोरी की भी शिकायत



**आगरा।** शहर में निजी स्कूलों और पुस्तक विक्रेताओं द्वारा जबरन महंगी किताबें खरीदवाने, जीएसटी चोरी और फर्जी प्रकाशन के मामलों को लेकर अभिभावकों, शिक्षार्थियों और जागरूक नागरिकों ने विरोध जताया है।इस संबंध में अजय मिश्रा अपर आयुक्त,सीजीएसटी, आगरा को ज्ञापन सौंपकर तत्काल जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

1. जांच कमेटी गठित कर यह सुनिश्चित किया जाए कि निजी स्कूल और किताब विक्रेता शिक्षा माफिया के रूप में कार्य न करें।

2. स्कूलों को पारदर्शी पुस्तक चयन प्रक्रिया अपनाने का निर्देश दिया जाए ताकि गैर-जरूरी और महंगी किताबों की जबरन बिक्री पर रोक लगाई जा सके।

3. जीएसटी चोरी और फर्जी प्रकाशन की विस्तृत जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

4. अभिभावकों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाए,जिससे वे अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें।

इस मांग पत्र को अपर आयुक्त अजय मिश्रा को संजय पैलेस कार्यालय में सौंपा गया,जहां उन्होंने तत्काल एक जांच टीम गठित करने का आश्वासन दिया। इस दौरान रमेश श्रीवास्तव,विधायक शर्मा, नकुल सारस्वत,एडवोकेट ब्रज वर्मा,उमेश कुमार सिंह,विषपाल यादव, मोहित सिंह सहित कई जागरूक नागरिक मौजूद रहे। अभिभावक संघ संरक्षक, श्री बांके बिहारी एजुकेशनल सोसायटी अध्यक्ष डॉ मदन मोहन शर्मा ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई है ताकि शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता बनी रहे और अभिभावको विद्यार्थियों का शोषण रोका जा सके।

## बीएसए ने कहा छापामारी के साथ जांच कमेटी का गठन करेंगें: पापा

एनएनआई

**आगरा।** प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ऑफ पेरेंट्स टीम पापा ने अपने घोषित कार्यक्रम के तहत जनपद के अभिभावको को निजी विद्यालयों के कमीशनखोरी के तहत होने वाले आर्थिक शोषण को रोकने के लिये बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार गौड से मुलाकात की।

संस्था के संरक्षक मनोज शर्मा ने बताया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उचित आश्वासन देते हुये कहा है कि निजी विद्यालयों में कमीशनखोरी की शिकायतों से अभिभावको को राहत दिलवाई जायेगी। विद्यालयों को नियम पालन करना ही होगा, हम आज से निजी विद्यालयों में छापेमारी शुरू करेंगे, तीन दिन में जाँच कमेटी का गठन कर दिया जायेगा।

मनोज शर्मा ने बताया कि, हमारी छह बिंदु माँगे सफलता पूर्वक पूरी होती दिख रही हैं। मनोज शर्मा ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को बताया कि, जो विद्यालय परिधान में कमीज, कुर्ती, टीशर्ट, कोट, वस्ते आदि पर विद्यालय का जो लोगो लगा रहता है, अथवा वस्ते पर, टी शर्ट पर पीछे नाम छपा रहता है, यह खुले बाजार में नही मिलते।

यही इस बात का प्रमाण है, कि विद्यालय या तो खुद इनकी बिक्री करता है अथवा कमीशन के तहत अपनी निश्चित की हुई दुकान से बिकबाता है। विद्यालयों के कॉपियों के कवर व कॉपियों पर जो विद्यालय का लोगों अथवा नाम छपा रहता है, यह खुले बाजार में नही मिलते, इससे तय होता है कि विद्यालय ही इनका बिक्रीकर्ता अथवा अपनी निश्चित दुकान से बिकवाली करवाता है।

अगर शीघ्र ही इनके खिलाफ अबकी बार ठोस कार्यवाही नही की गई तो संस्था को आंदोलन के तहत सड़को पर पायेंगे। संस्था का कहना है फिलाल विभाग के जबाब से सन्तुष्टि है। संस्था की आगे की रणनीति निजी विद्यालयों पर कमीशन खोरि को रोकने वाली, विभाग की कार्यवाही तय करेगी।

## शिक्षा का अधिकार अधिनियम का हो रहा उल्लंघन: सपा



एनएनआई

**आगरा।**आज समाजवादी पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष प्रबल यादव एवं जिला मीडिया प्रभारी पवन प्रजापति के नेतृत्व में जिलाधिकारी एवं सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया गया। मीडिया प्रभारी पवन प्रजापति एवं महानगर उपाध्याय प्रवल यादव ने संयुक्त रूप से कहा भारतीय जनता पार्टी शिक्षा की बात करती है लेकिन आज शिक्षा की बात करें तो आगरा ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में किताबों और यूनिफॉर्म निर्धारित दुकानों से ही खरीदने के लिए विवश करने की प्रकिया चल रही है अभिभावकों को स्कूल प्रबंधन की ओर से निर्धारित दुकान से ही पाठ्यपुस्तक और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है।

विद्यालय प्रबंधक और प्रधानाचार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम का उल्लंघन कर रहे हैं। शासन की ओर से निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के स्थान पर अपनी मनमर्जी से प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबें विद्यालयों में लगाकर अभिभावकों का शोषण कर रहे हैं। अधिनियम 2009 और राज्य सरकार की ओर से निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 में प्रावधान किए गए गए हैं। इनका प्राइमरी और जूनियर हाईस्कूल में पालन करना होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विनय अग्रवाल, रामजीलाल विद्यार्थी,सोमेश गुप्ता, संजय सिंह, अमित यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## स्वच्छता पोषण दिवस पर 105 बच्चों का हुआ टीकाकरण

एनएनआई

**आगरा।** जनपद में राष्ट्रीय नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर 513 छाया एकीकृत ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) और यूएचएसएनडी सत्र का आयोजन किया गया। इनमें शून्य से पाँच साल तक के बच्चों का नियमित टीकाकरण किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण करने का प्रावधान है। यह बच्चों के स्वास्थ्य के लिए और उनके भविष्य के लिए टीकाकरण बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे उन्हें 11 जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सकता है। तहसील किरावली के व्यापार मोहल्ले में आयोजित 4 सत्रों का जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संजीव वर्मन और विश्व स्वास्थ्य संगठन की एसएमओ डॉ. महिमा चतुर्वेदी द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। इस दौरान टीकाकरण कराने से इनकार करने वाले (वैक्सीन अवॉइडेंस बिहैवियर) के परिवारों को टीकाकरण के लाभ बताए गए। आयोजित सत्रों पर शून्य से पांच वर्ष तक के 105 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

## बाबा साहेब अंबेडकर भवन में हुई बुद्ध वंदना



**आगरा** एनएनआई। आवास विकास स्थित सेक्टर 6 बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भवन एवं भीम नगरी समारोह कार्यालय पर भगवान बुद्ध पूजा का आयोजन किया गया। डॉ रामजी लाल ने बताया 3 अप्रैल 2022 कार्यालय की नींव बुद्ध वंदना के साथ रखी और बुद्ध वंदना का प्रतिदिन आयोजन किया जाता जाता है। इसके साथ ही साथ भीम नगरी आयोजन समिति द्वारा विवाह पंजीकरण की व्यवस्था है और भीम नगरी में विवाह की करवाया जाता है। कार्यालय पढ़ने के लिए पुस्तकालय की व्यवस्था कराई जा रही है जो कि बच्चों के उज्जवल भविष्य का स्थान बनेगा। इस दौरान डॉ रामजीलाल, मुकंद लाल बौद्ध, प्रकाश चंद्र, गंगा सिंह, हाकिम सिंह, अमर सिंह, श्रीमती उषा चंद्र, रजनी बौद्ध, अनीता बहुत, मुरारी लाल, अन्य लोग उपस्थित रहे।



श्री श्याम सेवादार परिवार ट्रस्ट द्वारा गुरुवार को ताजगंज स्थित कुष्ठ आश्रम मे कुष्ठ रोगियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। उस अवसर पर कृष्णा सिंघल, अंकित बंसल, जातिन गर्ग, विष्णु शर्मा अभिषेक गोयल, प्रिंस, रितेश, अनिल विशाल, अमित, सोनेद्र, राजीव, मोहित, सागर, राम आदि मौजूद रहे।

## नुक्कड़ नाटक कर पढ़ाई को किया प्रेरित



**अछनेरा एनएनआई।** ग्राम रायभा स्तिथ पी एम श्री विधालय रायभा मे गुरुवार को अभिवावक एवं छात्र जागरुकता के लिये साधना कला मंच लखनऊ की टीम द्वारा नुक्कड नाटक किया गया। जिसमें ननिहालों को पढ़ाई के महत्व के साथ साथ अभिभावकों को भी प्रेरित किया कि सभी बच्चों का स्कूल में दाखिला कराएं व उनके भविष्य को संभालने में उनकी मदद करें। मौके पर प्रधानाचार्य जयवीर सिंह ने अभिवावको से बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने की अपील की। इस मौके पर शाहाना अशफाक, प्रामिला भदौरिया, नीलम सिकरवार, साधना, बबिता, एकता समेत समस्त विधालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# विधायक ने किया गेहूं क्रय केंद्र का शुभारंभ

एनएनआई



**फतेहपुर सीकरी।** कृषि उत्पादन मंडी समिति स्थित गेहूं क्रय केंद्र पर गुरुवार को पांच किसान अपना गेहूं लेकर पहुंचे क्रय केंद्र का गुरुवार को विधायक चौधरी बाबूलाल ने तोल कराकर लेवी केंद्र का शुभारंभ किया।

इस दौरान विधायक चौधरी बाबूलाल ने किसानों को बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य?150 रुपए बढ़कर 2425 रुपए कर दिया है जो पिछले वर्ष 2275 था। क्रय केंद्र प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया के गुरुवार को पांच किसान केंद्र पर गेहूं बेचने आए जिनसे 192 कुंतल 50 किलोग्राम गेहूं की खरीदारी की गई है। बताया गया है कि 17 मार्च से शुरू हुए खरीद केदो पर मंडी का भाव ज्यादा होने की वजह से किसान क्रय केंद्र पर गेहूं लेकर नहीं आ रहे थे। वहीं पल्लेदारो ने पेयजल व्यवस्था न होने की शिकायत की जिस पर विधायक ने मंडी समिति अधिकारियों को पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ नेता डॉ रामेश्वर सिंह, शिशु प्रधान कराही, रामपाल प्रधान भड़कौल, होशियार सिंह जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि उन्देरा, गजेंद्र सिंह प्रधान डाबर, रामबाबू प्रधान खेड़ा जाट, गुड्डा फौजी, दुर्ग सिंह प्रधान जौताना, पदम सिंह, खूबचंद, श्रीराम आदि उपस्थित रहे।

## बहुत याद आती है पापा तुम्हारी......

एनएनआई



- कवि अतीत मिश्र की याद में कवियों ने सुनाई एक से बढ़कर एक रचनाएं
- कवियों की भावुक रचनाओं से श्रोताओं की आंखें झलक आई

**जैतपुर।** बाह बटेश्वर क्षेत्र के प्रसिद्ध कवियों एवं साहित्यकारों के प्रेरणाश्रोत कवि डॉ भगवती प्रसाद मिश्र अतीत की प्रथम पुण्यतिथि पर एक भव्य कवि सम्मेलन एवं श्रद्धांजलि सभा कस्बा के राधिका पैलेस में आयोजित की गई जिसमें पधारे कवियों ने स्वर्गीय अतीत जी की याद में एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत की जिन्हें सुनकर कई श्रोताओं की आंखें झलक आई। बाहर से आए कवियों ने बहुत ही भावुक रचनाएं सुना कर स्वर्गीय डॉ भगवती प्रसाद मिश्र अतीत जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

गुरुवार के दिन राधिका पैलेस में अतीत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन स्वर्गीय डॉक्टर भगवती प्रसाद मिश्रा की याद में आयोजित किया जिसमें अंतरराष्ट्रीय कवि विष्णु सक्सेना एवं लखनऊ की प्रसिद्ध कवित्री व्यंजना शुक्ला के साथ इंदौर के कवि मनोज दुबे को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रोता राधिका पैलेस के सभागार में पहुंचे। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे मेरठ जेल के नवांगत डीआईजी डॉ वीरेशराज शर्मा एवं डासना जेल के अधीक्षक सीताराम शर्मा के साथ आईएएस अश्विनी श्रीवास्तव विशेष रूप से स्वर्गीय डॉ बीपी मिश्र को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में इंदौर से आए कवि मनोज दुबे की दिवंगत पिता की याद में लिखी बहुत ही भावुक रचना बहुत याद आती है पापा तुम्हारी को सुना तो भाव भोर हो गए। इसी के साथ रोहित चौधरी की वर्तमान में राजनीतिक में कही गईं सनातन धर्म पर अमर्यादित टिप्पणियों पर जोरदार कटाक्ष करते हुए रचना पढ़ी तो पूरा सभागार तालिया की गड़गड़ाहट से न सिर्फ गूंज उठा बल्कि जय जय श्री राम के जयघोषों से से समूचा परिसर गूंज उठा। वही कार्यक्रम के मुख्य अंतरराष्ट्रीय कवि विष्णु सक्सेना ने जैसे ही अपनी प्रसिद्ध कविता...हम बदले तो बेवफा तुम बदलो तो मजबूरी है... सुनाया वैसे ही सभागार में बैठे श्रोतागण भी उन्हीं की रचना के साथ तालियां बजाते हुए उनकी ही लय में सुर मिलकर गाने लगे जिसे देखकर मंच पर बैठे कवियों में भी जोश भर गया कार्यक्रम का संचालन मैनपुरी के कवियों के कोहिनूर सतीश मधु ने किया इस दौरान उन्होंने अपनी एक से बढ़कर एक रचनाओं से स्वर्गीय अतीत साहब को याद किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक डॉ निखिलेश मिश्र एवं उनके सहयोगियों ने स्थानीय कवियों पवन टाइगर, देवेश शर्मा बशर साहब विनोद सांवरिया के साथ अन्य कवियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । कवि सम्मेलन के समापन के बाद स्थानीय गणमान्यों के साथ कवियों ने स्वर्गीय डॉक्टर भगवती प्रसाद मिश्र अतीत साहब को भावभीनी पलकों से श्रद्धांजलि दी और अगले वर्ष फिर आने की कहकर विदाई ली।

## हम चांद सितारे, नहीं किसी से कम

**बाह एनएनआई।** बेसिक के हम चांद सितारे, नहीं किसी से कम, निपुण बनेंगे हम.... गीत के साथ बाह के मंगदपुर गांव में जूनियर हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने जागरुकता रैली निकाली। नुक्कड़ों पर अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करते हुए पढ़ाई का महत्व समझाने वाले गीत सुनाए। स्कूल चलो अभियान को लेकर स्लोगन पोस्टर प्रतियोगिता हुई। जिसमें टॉप-7 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर शिक्षिकाओं रीता भदौरिया, ममता श्रीवास्तव ने प्रोत्साहित किया। जरार के जूनियर हाईस्कूल में स्कूल चलो अभियान की रैली को खंड शिक्षा अधिकारी अमरनाथ ने हरी झंडी दिखाई। इस दौरान मान सिंह, अजीत वीरेन्द्र सिंह, पूजा, बबीता त्यागी, गोविंद शर्मा, मिथलेश आदि रहे। अलवेलीपुरा में सत्यप्रकाश के नेतृत्व में जागरुकता रैली निकाली गई। अभिभावकों को अपने बच्चे स्कूल भेजने के लिए जागरुक किया गया।



## इंटर कालेज के जर्जर भवन के गिरने का खतरा

**पिनाहटएनएनआई ।** इंटर कालेज की जर्जर इमारत और असुविधाओं से हो रही शिक्षक और छात्रों को हो रही परेशानी को लेकर प्रधान ने जिलाधिकारी से मिलकर शिकायत करते हुए। कार्यवाही की मांग की है।

कस्बा स्थित सर्वोदय विद्या मंदिर इंटर कालेज जो बर्षो तक इस क्षेत्र में शिक्षा का इकलौता साधन रहा था। इस भवन की इमारत अब बुरी तरह जर्जर हो चुकी है। गुरुवार को विप्रावली प्रधान देवानंद परिहार ने जिलाधिकारी कार्यालय पर जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा से लिखित शिकायत करते हुए। विद्यालय भवन की मरम्मत कराने की मांग की है। प्रधान ने बताया कि विद्यालय के कमरें जर्जर है। बरसात के दिनों में छतों से पानी टपकने के



कारण शिक्षण कार्य ठीक से नहीं हो पाता है। शौचालय, पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है। बरसों से कोई मरम्मत कार्य नहीं होने के कारण पूरी इमारत जर्जर हो चुकी है। यदि समय रहते इसका मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। तो छात्रों या शिक्षकों के साथ कोई बड़ी घटना हो सकती है। प्रधान ने बताया कि जिलाधिकारी ने जल्द मरम्मत कार्य कराने का आश्वासन दिया है।

# छह अप्रैल को स्थापना दिवस पर फूलों से सजेगा भाजपा जिला कार्यालय

एनएनआई



**कासगंज।** भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर गुरुवार को बैठक हुई। बैठक का शुभारंभ पंडित दिन दयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान छह अप्रेल को भाजपा के स्थापना दिवस पर जिला कार्यालय को फूलों से सजाने व अन्य कार्यक्रमों को सफल बनाने पर मंथन हुआ।

जिला कार्यालय पर हुई बैठक के दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी पूनम बजाज ने कहा कि आगामी कार्यक्रमों के तहत छह अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान पार्टी कार्यालय को फूलों से सजाया जाएगा। विकसित भारत का संकल्प लेकर पार्टी कार्यालय के अलावा प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने घरों एवं कार्यालय में पार्टी का ध्वज फहराएंगे। सभी बूथों पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किए जाएंगे। पार्टी कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी इतिहास की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

सभी कार्यक्रम सोशल नेटवर्किंग और सरल ऐप पर अपलोड होंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि सात अप्रैल से 10 अप्रैल तक प्राथमिक, सक्रिय सदस्यों से संपर्क कर विधानसभा स्तर पर बैठक की जाएगी। 11 वर्षो के विकास के विषय पर मंडल स्तर पर विकास यात्रा की संगोष्ठी होगी। सात से 11 अप्रैल तक गांव चलो अभियान, चौपाल पर चर्चा, लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अटल बिहारी बाजपेयी की शताब्दी वर्ष प्रदर्शनी होगी। 13 अप्रैल की संध्या पर कार्यकर्ता डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर दीप जलेंगे, 14 अप्रैल को डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पार्क पर स्वच्छता अभियान चलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। 15 से 27 अप्रैल तक बूथ से मंडल स्तर तक डा. भीमराव आंबेडकर के जीवन चरित्र पर आधारित प्रबुद्ध सम्मेलन संगोष्ठी होगी। इस दौरान मंचासीन निवर्तमान जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, डा. ज्ञान प्रकाश गुप्ता, महेंद्र सिंह राना, ममतेश शाक्य, विधायक हरिओम वर्मा, रमेश साहू, रामेश्वर दयाल महेरे, संजय सोलंकी, हीरा लाल कश्यप ने भी बैठक को संबोधित किया। इस दौरान शिव कुमार भारद्वाज, सुरेश माहेश्वरी, कौशल साहू, उत्तमचंद्र पाथरे, रामगोविंद महेरे, अनुरोध प्रताप सिंह, कृष्णकांत वशिष्ठ, केपी सिंह, रानू वर्मा, शरद गुप्ता, डा. बीडी राना, रामनिवास राजपूत, संजीव चौहान, रविंद्र ब्रह्मचारी, जितेंद्र बघेल, नरेंद्र परमार, विष्णुदेव पाठक, संजय पुंढीर, डीएस लोधी, डा. खूब सिंह, कुलदीप प्रतिहार, नंदकिशोर दिवाकर, सांत्वना पाराशर, नीतू सिंह, मयंक अग्रवाल, आदित्य कांकोरिया, योगेश चौधरी, संजय दुबे, रणजीत प्रधान, शिव प्रताप सोलंकी, हिमांशु उपाध्याय, अजय शर्मा, प्रतीक माहेश्वरी, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना मौजूद रहे।

## संपादकीय

# अब गठबंधन में ही लड़ेगी कांग्रेस?

भाजपा ने लोकसभा चुनाव हारने के बाद राज्यों का चुनाव बहुत दमदारी से लड़ा और दूसरी ओर लोकसभा में अपेक्षाकृत अच्छे प्रदर्शन के बाद कांग्रेस और ह्यइंडियाह्न ब्लॉक की दूसरी पार्टियां लापरवाह हुईं। सबने सत्ता हाथ में आई मान ली और नेतृत्व का मुद्दा निपटाने में लग गए। एक दूसरे से बड़ा बनने की होड़ में हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में ह्यइंडियाह्न ब्लॉक की पार्टियों ने सत्ता थाली में सजा कर भाजपा को परोस दी। तीन राज्यों के चुनावों ने कांग्रेस को जो सबक दिया है उसके हिसाब से वह आगे के राज्यों के चुनाव की रणनीति बनाती दिख रही है।कांग्रेस पार्टी राज्यों में सहयोगी पार्टियों के साथ ही विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। तभी बिहार प्रदेश कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक में राहुल गांधी ने दो टूक अंदाज में कहा कि बिहार में कांग्रेस गठबंधन में ही लड़ेगी। यानी राजद और कम्युनिस्ट पार्टियों के साथ ही विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। पश्चिम बंगाल कांग्रेस के नेताओं के साथ हुई बैठक में ऐसी चर्चा नहीं हुई । फिर भी ऐसा नहीं है कि कांग्रेस की रणनीति बिहार और पश्चिम बंगाल के लिए अलग अलग होगी। अभी दोनों अलग अलग इसलिए दिख रहे हैं क्योंकि बिहार का चुनाव इस साल के अंत में और पश्चिम बंगाल का चुनाव अगले साल के मध्य में है। दूसरे, बंगाल में ममता बनर्जी शासन में हैं और ऊपर से वे एक झटके में तेवर के साथ फैसला करती हैं। सो, उनके साथ तालमेल की बात उतनी आसान नहीं होगी, जितनी बिहार में लालू प्रसाद के साथ है। बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, महाराष्ट्र आदि राज्यों में कांग्रेस की सहयोगी पार्टियों के नेताओं को गठबंधन की राजनीति का अनुभव है और वे मोलभाव के महत्व को जानते, समझते हैं।बिहार और पश्चिम बंगाल में एक समानता यह है कि दोनों जगह भाजपा को रोकना है। बिहार में नीतीश की सेहत को लेकर धारणा बनी है कि अगर एनडीए जीतती है तो भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा। आजाद भारत में हिंदी पट्टी का एकमात्र राज्य बिहार है, जहां भाजपा का मुख्यमंत्री नहीं बन पाया है। सो, भाजपा इस बार अपना मुख्यमंत्री बनाने के लिए चुनाव लड़ रही है। यही पेच कांग्रेस के सामने है। वह इस बात का जोखिम नहीं ले सकती है कि उसके किसी फैसले से बिहार में भाजपा की सरकार बनने का रास्ता साफ हो। हरियाणा या दिल्ली में जो हुआ उसे बिहार या बंगाल में नहीं किया जा सकता है। केजरीवाल के बारे में यह धारणा है कि वे भाजपा की बी टीम हैं इसलिए अगर कांग्रेस की वजह से दिल्ली में केजरीवाल हार गए तो मुस्लिम और दूसरे सेकुलर मतदाताओं में कांग्रेस के प्रति कोई निगेटिव धारणा नहीं बनी। लेकिन कांग्रेस लालू प्रसाद के साथ वैसा नहीं कर सकती है, जैसा उसने केजरीवाल के साथ किया। बिहार में वह ये स्टैंड नहीं ले सकती है कि वह तो अकेले लड़ेगी, चाहे भाजपा जीत जाए। लालू और उनकी पार्टी राजद की छवि सेकुलर राजनीति के एक स्तंभ की तरह है। इसलिए कांग्रेस को वहां राजद के साथ लड़ना है। हां, अगर सीटों का बंटवारा जल्दी हो जाए तो वैसा नुकसान नहीं होगा, जैसा महाराष्ट्र में हुआ। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस भले दबाव की राजनीति करेगी और केंद्र के साथ साथ राज्य सरकार को भी निशाना बनाएगी लेकिन यह स्टैंड नहीं ले सकती है कि वह अकेले लड़ेगी फिर चाहे उसके अकेले लड़ने से ममता बनर्जी चुनाव हार जाएं। पश्चिम बंगाल में पहली भाजपा सरकार बनवाने का दाग कांग्रेस अपने माथे पर नहीं ले सकती है। जब तक भाजपा बड़ी ताकत के तौर पर नहीं उभरी थी और इस बात की गारंटी दिख रही थी कि ममता बनर्जी भाजपा को हरा देंगी तब तक बात अलग थी। अब ममता के खिलाफ 15 साल की सत्ता विरोधी लहर होगी और दूसरे, भाजपा जिस रणनीति से एक के बाद एक राज्यों में जीत रही है उसे देखते हुए बंगाल को लेकर तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस दोनों में चिंता है। तभी लेफ्ट को अकेले लड़ने के लिए छोड़ कर कांग्रेस तालमेल का रास्ता चुनेगी। बंगाल में कांग्रेस इस बार लेफ्ट के साथ नहीं लड़ेगी क्योंकि इसका नुकसान उसे केरल में होगा। पिछली बार ऐसा ही हुआ था।अगर बंगाल में कांग्रेस का तालमेल तृणमूल के साथ होता है तो फिर यह प्रयोग असम में भी हो सकता है। असम में कांग्रेस ने मुस्लिम वोटों पर एकाधिकार बनाया है। अगर ममता बनर्जी के साथ तालमेल होता है तो बंगाली वोटों का रूझान भी कांग्रेस की ओर हो सकता है। असम में ममता बनर्जी के पास सुष्मिता देब का नेतृत्व है, जो पहले कांग्रेस में थीं और अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष थीं। उनके पिता संतोष मोहन देब राज्य के बड़े नेता थे। सुष्मिता देब और तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई की जोड़ी प्रदेश में हिमंत बिस्वा सरमा को लिए चुनौती पैदा कर सकती है। तमिलनाडु में कांग्रेस का गठबंधन पहले से डीएमके से है और इस बार भी दोनों साथ लड़ेंगे। जहां तक केरल का सवाल है तो वहां कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व का गठबंधन यूडीएफ और सीपीएम के नेतृत्व वाले गठबंधन एलडीएफ का सीधा मुकाबला होगा। वहां कांग्रेस और लेफ्ट तालमेल नहीं कर सकते हैं क्योंकि ऐसा हुआ तो 45 फीसदी हिंदू वोटों का बड़ा हिस्सा भाजपा की ओर जाएगा। उसे रोका नहीं जा सकेगा। हालांकि इससे कांग्रेस और लेफ्ट गठबंधन की जीत सौ फीसदी पक्की होगी लेकिन भाजपा दूसरी बड़ी ताकत के तौर पर राज्य की राजनीति में स्थापित होगी।अगले 14 महीने में छह राज्यों के चुनाव होने हैं, जिनमें से पांच में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ लड़ेगी और केरल में लेफ्ट के साथ सीधी लड़ाई होगी। इन छह राज्यों के नतीजों से उससे आगे के यानी 2027 में होने वाले सात राज्यों के विधानसभा चुनाव की रणनीति तय होगी।



डॉ. शिल्पा जैन
एस्ट्रोलॉजर

देवी आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि जारी है। हिंदू धर्म में नवरात्रि के पर्व का विशेष महत्व होता है। नवरात्रि के नौ दिनों तक देवी दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा होती है। नौ दिनों तक मंदिरों और घरों में देवी पाठ चलते है। नवरात्रि पर कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है, दरअसल छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप माना जाता है। ऐसे में नौ दिनों तक 2 से 10 वर्ष की आयु तक की कन्याओं का विशेष रूप से पूजन होता है। वैसे तो नवरात्रि के हर दिन कन्याओं के पूजन का महत्व होता है, लेकिन अष्टमी और नवम तिथि पर कन्या पूजन और भोजन का विशेष महत्व होता है। इस बार नवरात्रि 9 दिन न होकर 8 दिन का है। दरअसल एक तिथि के क्षय होने की वजह से इस बार ऐसा हुआ है। आइए जानते हैं नवरात्रि पर अष्टमी और नवमी तिथि पर कन्या पूजन का महत्व, तिथि और शुभ मुहूर्त।



# कन्या पूजन

## जानें अष्टमी-नवमी पूजा शुभ मुहूर्त

**चैत्र नवरात्रि अष्टमी और नवमी तिथि 2025**

नवरात्रि पर्व पर अष्टमी और नवमी तिथि का विशेष महत्व होता है। इस तिथि पर नौ दिनों तक मां की पूजा-आराधना और कन्या पूजन करके माता की विदाई की जाती है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस बार 4 अप्रैल को रात 08 बजकर 12 मिनट पर अष्टमी तिथि की शुरूआत हो रही है, जो अगले दिन यानी 05 अप्रैल को शाम 07 बजकर 26 मिनट पर खत्म हो जाएगी। अष्टमी के बाद नवमी तिथि की शुरूआत होगी, जो 06 अप्रैल को शाम 07 बजकर 22 मिनट तक रहेगी। इस तरह से चैत्र अष्टमी 05 अप्रैल और रामनवमी 06 अप्रैल को होगी।

**कन्या पूजन का समय**

चैत्र नवरात्रि महाष्टमी के दिन कन्या पूजन का समय- 5 अप्रैल सुबह 11 बजकर 59 मिनट से दोपहर 12 बजकर 49 मिनट तक।

राम नवमी पर कन्या पूजन का अभिजित मुहूर्त- 06 अप्रैल सुबह 11 बजकर 59 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 50 मिनट तक।

**कन्या पूजन का समय**

नवरात्रि पर जितना महत्व देवी आराधना का होता है उतनी ही नौ दिनों के उपवास के बाद अष्टमी और नवमी तिथि पर कन्या पूजन का होता है। कन्या पूजन से मां दुर्गा का पूर्ण आशीर्वाद मिलता है। साथ ही जीवन में सुख-समृद्धि के साथ धन और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। अष्टमी एवं नवमी तिथि को कन्या पूजन करने पर विशेष फल की प्राप्ति होती है।

**कन्या पूजन मंत्र**

स्तोत्र मंत्रः

"या देवी सर्वभूतेषु कन्या रूपेण संस्थिता।

नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥"

ऊं श्री दुं दुगार्यै नमः ।।

# राम नवमी पर जरूर करें ये 5 काम

अगर आप उनके आशीर्वाद को पाने के इच्छुक हैं तो पूरे भक्ति और साफ मन से उनकी उपासना करनी होगी। तो आज की इस खबर में हम आपको उन खास विधियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप रामनवमी में श्रीराम की पूजा-अर्चना कर उन्हें खुश कर सकते हैं। आइए जानते हैं।

**1. राम नाम का जाप जरूर करें**

कहा जाता है कि राम नाम में वह शक्ति है, जो असंभव को संभव कर सकती है। संत तुलसीदास जी ने कहा है, "कलियुग केवल नाम अधारा, सुमिर-सुमिर नर उतरहि पारा।" इसका अर्थ है कि इस युग में यदि कोई साधना सर्वोत्तम है, तो वह राम नाम का जप है। "श्री राम जय राम



जय जय राम" का जाप करें और अपने जीवन को शुभता और शांति से भर लें।

**2. श्रीरामचरितमानस और सुंदरकांड का पाठ जरूर करें**

श्रीराम की कथा केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला एक अमृत है। रामायण का पाठ करने से मनोबल बढ़ता है, कर्म में शुद्धता आती है और प्रभु की कृपा प्राप्त होती है। सुंदरकांड का विशेष पाठ जीवन की कठिनाइयों को हरने वाला माना जाता है। जो भक्त इसे श्रद्धा से पढ़ते हैं, उन पर श्रीराम और हनुमान जी दोनों की कृपा हमेशा बनी रहती है।

**3. सत्य, धर्म के रास्ते पर चलें**

श्रीराम का जीवन सत्य, त्याग और कर्तव्य से प्रेरित रहा है। अगर आप उन्हें प्रसन्न करना चाहते हैं, तो उनके मूल सिद्धांतों का जरूर पालन करें, जिसमें आप कभी भी कभी झूठ न बोलें, चाहे परिस्थिति कैसी भी हो। रिश्तों में आदर, संयम और प्रेम बनाए रखें और कभी भी किसी के साथ छल-कपट न करें और सही काम करें।

**4. राम नवमी और एकादशी का व्रत करें**

रामनवमी हिंदू धर्म का पावन पर्व है। इस दिन उपवास रखकर, श्रीराम का पूजन और कीर्तन करने से विशेष आशीर्वाद मिलता है। इसके अलावा, एकादशी व्रत का पालन भी श्री राम और उनके सभी अवतारों को प्रसन्न करता है। यह आत्मशुद्धि का अच्छा उपाय माना जाता है।

**5. हनुमान जी की भक्ति जरूर करें**


श्रीराम के सबसे प्रिय भक्त हनुमान जी की आराधना करने से स्वयं प्रभु राम प्रसन्न होते हैं। मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा, बजरंग बाण और सुंदरकांड का पाठ करने से जीवन की हर बाधा दूर होती है। हनुमानजी के चरणों में भक्ति समर्पित करने से श्रीराम का प्रेम और आशीर्वाद सहज ही प्राप्त होता है।

# अलविदा भारत कुमार



एक्टर मनोज कुमार का शुक्रवार सुबह मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में निधन हो गया। वे 87 साल के थे। वे विशेष रूप से अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने जाते थे। उन्हें भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता था। उपकार, पूरब-पश्चिम, क्रांति, रोटी-कपड़ा और मकान उनकी बेहद कामयाब फिल्में रहीं। मनोज कुमार के बेटे कुणाल गोस्वामी ने अठकको बताया, 'उन्हें लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां थीं। यह भगवान की कृपा है कि उन्हें आखिरी समय में ज्यादा परेशानी नहीं हुई, शांतिपूर्वक उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनका अंतिम संस्कार कल सुबह 11 बजे मुंबई के पवनहंस श्मशान घाट पर होगा।' मनोज कुमार काफी समय से लिवर सिरोसिस से जूझ रहे थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें 21 फरवरी 2025 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मनोज कुमार को 7 फिल्म फेयर पुरस्कार मिले थे। पहला फिल्म फेयर 1968 में फिल्म उपकार के लिए मिला था। उपकार ने बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायलॉग के लिए चार फिल्म फेयर जीते। 1992 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 2016 में उन्हें दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से नवाजा गया।

## मां को इलाज नहीं मिला तो 10 साल की उम्र में कर दी डॉक्टरों की पिटाई



मनोज कुमार का असली नाम हरिकृष्ण गोस्वामी था। 24 जुलाई 1937 को एबटाबाद, ब्रिटिश इंडिया (अब खैबर पख्तूनख्वा, पाकिस्तान) में उनका जन्म हुआ। एबटाबाद वही जगह है, जहां 2 मई 2011 को अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को मारा था। मनोज कुमार जब 10 साल के थे तब 1947 में उनके छोटे भाई कुक्कू का जन्म हुआ। तबीयत बिगड़ने पर 2 माह के भाई और मां को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था कि तभी दंगे भड़क गए। हर तरफ अफरा-तफरी मची और अस्पताल का स्टाफ जान बचाकर भागने लगा। जैसे ही सायरन बजता था तो जो डॉक्टर और नर्स बचे हुए थे वो अंडरग्राउंड हो जाया करते थे। ऐसे में सही इलाज ना मिल पाने के चलते मनोज कुमार के 2 माह के भाई ने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया। मां की हालत भी उस समय गंभीर थी। वो तकलीफ में चिल्लाती रहती थीं, लेकिन कोई डॉक्टर या नर्स उनका इलाज नहीं करता था। एक दिन ये सब देखकर मनोज इस कदर नाराज हुए कि उन्होंने लाठी उठाई और अंडरग्राउंड जाकर डॉक्टर्स और नर्स को पीटना शुरू कर दिया। मनोज तब सिर्फ 10 साल के थे, लेकिन उनसे मां की तकलीफ देखी नहीं जा रही थी। पिता ने उन पर काबू पाया और परिवार ने जान बचाने के लिए पाकिस्तान छोड़ने का फैसला कर लिया। उनका परिवार जंडियाला शेर खान से पलायन कर दिल्ली पहुंचा। यहां उन्होंने 2 महीने रिफ्यूजी कैंप में बिताए। समय बीता और दंगे कम होने लगे। पूरा परिवार जैसे-तैसे दिल्ली में बस गया, जहां मनोज की पढ़ाई हो सकी। उन्होंने स्कूल के बाद हिंदू कॉलेज से ग्रेजुएशन पूरा किया और नौकरी की तलाश शुरू कर दी।

## सिनेमा से दिग्गजों ने भी जताया दुख

मनोज कुमार के निधन पर सिर्फ सिनेमा की दुनिया में ही शोक व्यक्त नहीं किए जा रहे हैं, बल्कि अलग-अलग क्षेत्रों से भी शोक संदेश आ रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री ने भी अभिनेता के निधन पर शोक व्यक्त किया, जिसमें उन्होंने परिवार और प्रशंसकों को संवेदनाएं देते हुए लिखा कि महान अभिनेता और फिल्म निमार्ता श्री मनोज कुमार जी के निधन से गहरा दुख हुआ। वहीं, बिजनेसमैन आनंद महिंद्रा ने भी शोक व्यक्त करते हुए लिखा, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैंने अपने बचपन का कोई अहम हिस्सा खो दिया है। मेरे परिवार ने कभी भी मनोज कुमार की कोई फिल्म मिस नहीं की। और मुझे याद है कि जब फिल्म पूरब और पश्चिम रिलीज हुई थी, इस फिल्म ने जो देशभक्ति का जज्बा जगाया, वह अभूतपूर्व था।




## लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर बनाई थी उपकार

1965 में मनोज कुमार देशभक्ति पर बनी फिल्म शहीद में स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह के रोल में नजर आए थे। फिल्म जबरदस्त हिट रही और इसके गाने 'ऐ वतन, ऐ वतन हमको तेरी कसम', 'सरफरोशी की तमन्ना' और 'मेरा रंग दे बसंती चोला' काफी पसंद किए गए थे। ये फिल्म लाल बहादुर शास्त्री को बेहद पसंद आई। शास्त्री जी ने नारा था- जय जवान, जय किसान। शास्त्री जी ने मनोज को इस नारे पर फिल्म बनाने की सलाह दी। इस पर मनोज ने फिल्म उपकार (1967) बनानी शुरू कर दी, हालांकि उन्हें फिल्म लेखन या डायरेक्शन का कोई अनुभव नहीं था। एक दिन मनोज कुमार ने मुंबई से दिल्ली जाने के लिए राजधानी ट्रेन की टिकट खरीदी और ट्रेन में चढ़ गए। ट्रेन में बैठे-बैठे ही उन्होंने आधी फिल्म लिखी और लौटते हुए आधी। इस फिल्म से उन्होंने बतौर डायरेक्टर करियर की दूसरी पारी शुरू की। आगे उन्होंने पूरब और पश्चिम, रोटी कपड़ा और मकान जैसी देशभक्ति पर कई फिल्में बनाईं।

## फिल्म ने मनोज कुमार को दिया भारत कुमार नाम

उपकार 1967 की सबसे बड़ी फिल्म थी। फिल्म का गाना मेरे देश की धरती सोना उगले.. आज भी सबसे बेहतरीन देशभक्ति गानों में गिना जाता है। फिल्म में मनोज कुमार का नाम भारत था। फिल्म के गाने की पॉपुलैरिटी देखते हुए मनोज कुमार को मीडिया ने भारत कहना शुरू कर दिया और फिर उन्हें भारत कुमार कहा जाने लगा। मनोज कुमार ने अपने निर्देशन में बनी फिल्म क्रांति (1981) में दिलीप कुमार को डायरेक्ट किया था।

## 1992 में पद्मश्री, 2016 में दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड मिला



**राष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड**
1968 (उपकार)

**फिल्मफेयर बेस्ट डायरेक्टर अवॉर्ड**
1968 (उपकार) 1975 (रोटी कपड़ा और मकान)

**फिल्मफेयर बेस्ट डायलॉग राइटर अवॉर्ड** 1968 (उपकार)

**फिल्मफेयर बेस्ट स्टोरी अवॉर्ड**
1968 (उपकार)

**फिल्मफेयर बेस्ट एक्टर अवॉर्ड**
1973 (फिल्म: बेईमान)

**फिल्मफेयर बेस्ट एडिटिंग अवॉर्ड**
1973 (शोर)

**पद्म श्री अवॉर्ड**
1992

**फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड**
1999

**स्क्रीन लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड**
2008

**गिल्ड लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड**
2012




दादा साहेब फाल्के पुरस्कार – 2016

| वर्ष | फिल्म |
|---|---|
| 1995 | मैदान-ए-जंग |
| 1989 | क्लर्क |
| 1989 | देशवासी |
| 1989 | संतोष |
| 1987 | कलयुग और रामायण |
| 1981 | क्रांति |
| 1979 | जाट पंजाबी |
| 1977 | शिरडी के साईं बाबा |
| 1977 | अमानत |
| 1976 | दस नम्बरी |
| 1975 | सन्यासी |
| 1974 | रोटी कपड़ा और मकान |
| 1972 | बेईमान |
| 1972 | शोर |
| 1970 | मेरा नाम जोकर |
| 1970 | पूरब और पश्चिम |
| 1970 | यादगार |
| 1970 | पहचान |
| 1969 | साजन |
| 1968 | नीलकमल |
| 1968 | आदमी |
| 1967 | अनीता |
| 1967 | उपकार |
| 1967 | पत्थर के सनम |
| 1966 | दो बदन |
| 1966 | पिकनिक |
| 1966 | सावन की घटा |
| 1965 | हिमालय की गोद में |
| 1965 | पूनम की रात |
| 1965 | शहीद |
| 1965 | बेदाग |
| 1965 | गुमनाम |
| 1964 | वो कौन थी |
| 1964 | अपने हुए पराये |
| 1964 | फूलों की सेज |
| 1963 | घर बसा के देखो |
| 1963 | गृहस्थी |
| 1962 | हरियाली और रास्ता |
| 1962 | माँ बेटा |
| 1962 | अपना बना के देखो |
| 1962 | बनारसी ठग |
| 1962 | डॉक्टर विद्या |
| 1962 | नकली नवाब |
| 1962 | शादी |
| 1961 | सुहाग सिन्दूर |
| 1961 | काँच की गुड़िया |
| 1961 | रेशमी रुमाल |
| 1960 | हनीमून |
| 1958 | पंचायत |
| 1958 | सहारा |
| 1957 | फैशन |

### बतौर लेखक

| वर्ष | फिल्म |
|---|---|
| 1999 | जय हिन्द |
| 1989 | क्लर्क |
| 1987 | कलयुग और रामायण |
| 1981 | क्रांति |
| 1974 | रोटी कपड़ा और मकान |
| 1972 | शोर |
| 1970 | मेरा नाम जोकर |
| 1970 | पूरब और पश्चिम |
| 1970 | यादगार |
| 1967 | उपकार |

### बतौर निमार्ता

| वर्ष | फिल्म |
|---|---|
| 1999 | जय हिन्द |
| 1989 | क्लर्क |
| 1983 | पेंटर बाबू |
| 1981 | क्रांति |
| 1974 | रोटी कपड़ा और मकान |
| 1972 | शोर |
| 1970 | पूरब और पश्चिम |

### बतौर निर्देशक

| वर्ष | फिल्म |
|---|---|
| 1999 | जय हिन्द |
| 1989 | क्लर्क |
| 1981 | क्रांति |
| 1974 | रोटी कपड़ा और मकान |
| 1972 | शोर |
| 1970 | पूरब और पश्चिम |
| 1967 | उपकार |

# केकेआर ने एसआरएच को 80 रन से हराया



© BCCI

**कोलकाता।** वेंकटेश अय्यर की तेज-तर्रार 60 रनों की पारी के बाद वैभव अरोड़ा और वरुण चक्रवर्ती की शानदार गेंदबाजी की बदौलत कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) पर 80 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 200/6 का स्कोर किया। इसके बाद, 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएच की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने 2.1 ओवर में नौ रन के अंदर अपने शुरूआती तीन विकेट खो दिए। इसके बाद टीम को संभलने का मौका नहीं मिला। लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा रन विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन (33) ने बनाए। उनके अलावा कमिंडू मेंडिस 27 (20 गेंद), नीतीश कुमार रेड्डी 19 (15 गेंद) और कप्तान पैट कमिंस 14 (15 गेंद) ही डबल डिजिट में स्कोर कर पाए। केकेआर की तरफ से वैभव अरोड़ा और वरुण चक्रवर्ती ने तीन-तीन विकेट चटकाए। आंद्रे रसेल को दो तथा सुनील नारायण और हर्षित राणा को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर की शुरूआत कुछ खास नहीं थी। टीम ने विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (1) और सुनील नारायण (7) के रूप में अपने शुरूआती दो विकेट मात्र 16 रनों पर ही गंवा दिए थे। हालांकि, इसके बाद क्रमशः तीसरे और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कप्तान अजिंक्य रहाणे 38 (27 गेंद) और अंगकृष रघुवंशी 50 (32 गेंद) ने तेज-तर्रार पारी खेली। पांचवे नंबर पर आए वेंकटेश अय्यर ने 60 (29 गेंद) ने टीम का स्कोर 200 तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रिंकू सिंह ने भी अंत में नाबाद 32 रनों (17 गेंद) की महत्वपूर्ण पारी खेली। केकेआर ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 200 रन बनाए और एसआरएच को जीत के लिए 201 रनों का लक्ष्य दिया। वहीं, एसआरएच की तरफ से मोहम्मद शमी, पैट कमिंस, जिशान अंसारी, हर्षल पटेल और कमिंदु मेंडिस को एक-एक सफलता मिली।





# पापा शमी से मिलने को तरस रही बेटी आयरा, मां हसीन ने लगाएं गंभीर आरोप

## मेरी बेबो के आंसू जाया नहीं जाएंगे



**नई दिल्ली।** हसीन जहां ने शमी पर बेटी आयरा से न मिलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शमी को बेटी की कोई परवाह नहीं है और वह कभी उससे मिलने की कोशिश नहीं करते। हसीन ने शमी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

आईपीएल 2025 के बीच सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक मैच के लिए कोलकाता पहुंचे। जहां पर उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ईडन गार्डन में मैच खेलना था, लेकिन शमी के कोलकाता पहुंचते ही उनकी एक्स वाइफ हसीन जहां ने उन पर जमकर निशाना साधा और बेटी आयरा जहां से मिलने को लेकर कई गंभीर आरोप लगाएं। यहां तक कहा कि शमी को बेटी की कोई जिम्मेदारी कभी थी ही नहीं। आइए आपको दिखाते हैं हसीन जहां का यह लंबा चौड़ा पोस्ट, जिसमें उन्होंने शमी के लिए आग उगला...

इंस्टाग्राम पर हसीन जहां ने 3 अप्रैल को एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने लिखा- शमी अहमद कोलकाता आता हैं, लेकिन कभी अपनी बेटी आयरा से मिलने की कोशिश नहीं करता हैं। लास्ट टाइम जो मिला था वह जज के डर से मिला था। इतना ही नहीं अपनी पोस्ट के कैप्शन में हसीन जहां ने लंबा चौड़ा मैसेज लिखा और कहा कि आप को बेटी की कोई परवाह कोई जिम्मेदारी कभी थी ही नहीं, लेकिन घटिया समाज मुझे गलत कहता रहा। इतना ही नहीं हसीन ने यह भी कहा कि अरबपति बाप होने के बाद भी शमी ने कभी बेटी से मिलने की, अच्छी एजुकेशन देने की, उसके भविष्य को सुरक्षित करने की कोशिश नहीं की। कभी किसी त्योहार या जन्मदिन पर बेबो से बात नहीं करते हैं।

# एलएसजी के खिलाफ मैच से पहले सूर्यकुमार, तिलक और दीपक ने किए रामलला के दर्शन



**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, दीपक चाहर और कर्ण शर्मा जैसे मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों ने आईपीएल 2025 में अपने अगले मुकाबले से पहले अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। मुंबई इंडियंस का अगला मैच लखनऊ सुपरजायंट्स से होने वाला है। गुरुवार को मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें सूर्यकुमार यादव और दीपक चाहर अपनी पत्नियों देविशा और जया के साथ मंदिर में दिखे। इससे पहले, मुंबई इंडियंस ने मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में अपने पहले घरेलू मुकाबले में मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ विकेट से हराकर अपनी लगातार दो हार के सिलसिले को तोड़ दिया। इस जीत में युवा गेंदबाज अश्वनी कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने डेब्यू मैच में 4 विकेट लेकर केकेआर को 16 .2 ओवर में सिर्फ 116 रन पर समेट दिया। यह किसी भी भारतीय गेंदबाज का आईपीएल डेब्यू पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। बाद में रियान रिकेल्टन ने नाबाद 62 रन बनाए और टीम को 12 .5 ओवर में लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

# शुक्रवार, 04 अप्रैल राशिफल

मेष राशि के लोगों को आज अपने कार्यक्षेत्र में मेहनत से बढ़कर लाभ मिलने वाला है। कुछ नए अवसर मिलने से भी आपको आज खुशी होगी। कारोबार में आज का दिन धन लाभ दिलाने वाला रहेगा। कोई कानूनी मामला चल रहा है तो आज इसमें आपको सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन भी आपका आज सुखद रहेगा।

वृषभ राशि के जातकों का दिन आज लाभदायक रहेगा। लेकिन काम का दबाव अधिक रहने से व्यस्त रहेंगे। आपको आज किसी भी मामले में जल्दबाजी में और दूसरों के प्रभाव में आकर फैसला लेने से बचना होगा नहीं तो नुकसान हो सकता है। शिक्षा और शिक्षण कार्य के मामले में आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन भाग्यवर्धक रहेगा। आपके बच्चे आज शिक्षा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करेंगे जिससे आपको खुशी मिलेगी। व्यापार में आपको किसी वरिष्ठ सदस्य या अनुभवी व्यक्ति की सलाह का फायदा मिल सकता है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति को पैसा उधार दिया था तो वह आपको वापस मिल सकता है।

कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन मानसिक तनाव वाला रह सकता है। आपको आज अपनी योजना में बदलाव करना पड़ सकता है। आपके कई काम आज अटक सकते हैं या किसी वजह से टल भी सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको आज अपने प्रतिद्वंद्वियों और विरोधियों से सतर्क रहने की जरूरत है।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। आपको अपने कार्यस्थल पर विपरीत लिंगी सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। अगर आप अपने बच्चों की विदेश में शिक्षा के लिए भेजने का प्रयास कर रहे हैं तो आपको इसका फायदा मिलेगा।

कन्या राशि के लिए आज का दिन लाभदायक और अनुकूल रहेगा। कार्य व्यवसाय के सिलसिले में की गई आपकी यात्रा आज सफल रहेगी। अगर आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करते हैं तो यह आपके लिए फायदेमंद रहेगा। व्यापार करने वाले लोगों को लाभ के मौके मिलते रहेंगे,आर्थिक स्थिति आपकी आज बेहतर होगी।

तुला राशि के लोगों के लिए आज शुक्रवार का दिन अनुकूल और सकारात्मक रहेगा। आपके परिवार में आज कुछ शुभ मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। आपको किसी पुराने मित्रों से मिलने का भी मिलेगा। आपको आज परिवार में जीवनसाथी और बच्चों के साथ मनोरंजक समय बिताने का मौका मिलेगा।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज शुक्रवार का दिन मिलाजुला सा रह सकता है। सेहत के मामले में आपको आज अपना ध्यान रखना होगा आपकी कोई पुरानी समस्या फिर से उभर सकती है। जो लोग धन निवेश करने की योजना बना रहे हैं उनके लिए किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह बेहतर रहेगा, जल्दबाजी में कोई निवेश न करें।

धनु राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आप आज बुद्धि और चतुराई से सफलता पाएंगे आपके विरोधी और शत्रु चाहकर भी आपका अहित नहीं कर पाएंगे। लेकिन आपको आज पारिवारिक जीवन में पिता की सेहत को लेकर चिंता और परेशानी हो सकती है। वैसे सामान्य रूप से आपका पारिवारिक जीवन आज सुखद रहेगा।

मकर राशि के जातकों के लिए आज शुक्रवार का दिन लाभदायक रहने वाला है। नौकरीपेशा लोगों को कोई नया काम और अवसर मिल सकता है। विदेश से व्यापार करने वाले लोगों को अचानक धन लाभ मिलने का योग है। अगर आज आप किसी व्यापारिक या कारोबारी यात्रा पर जाते हैं तो यह आपके लिए फायदेमंद रहेगी।

आर्थिक मामलों में आज का दिन कुंभ राशि के जातकों के लिए अनुकूल रहेगा। आपको अपनी मेहनत के अनुसार परिणाम मिलेगा जिससे आप आज उत्साहित रहेंगे। अगर आप निजी जीवन में कुछ परेशानियों से जूझ रहे हैं तो इसमें आपको राहत मिलेगी।

आज शुक्रवार का दिन मीन राशि के जातकों के लिए अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। वैसे आपको आज सहकर्मियों और सहयोगियों से पूरा सहयोग भी मिलेगा। आप अपने बच्चे के स्वास्थ्य को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। जीवनसाथी से भरपूर सहयोग और सपोर्ट मिलेगा।

NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र



# सनातनी परंपरा को पुनः स्थापित करने को किया सामूहिक फलाहार

- कन्या पूजनकर 251 दीपों से हुई नौ देवियों की महाआरती
- श्री गिरराज सेवा मंडल परिवार ने कराया सामूहिक फलाहार

एनएनआई



**आगरा।** मैया के दरबार में प्रज्वलित अखंड ज्योति। अलौकिक श्रृंगार में सजी माता रानी और नाचते एवं सामूहिक फलाहार करते मैया के भक्त। चमेली और ऑर्चिड के फूलों से महकता और भगवा झंडियों से सजा कार्यक्रम स्थल। ये नजारा था कमला नगर स्थित महाराजा अग्रसेन सेवा सदन में श्रीगिरिराज सेवा मण्डल परिवार की ओर से आयोजित सामूहिक फलाहार एवं महाआरती का। संस्थापक नितेश अग्रवाल ने बताया कि शहर में पहली बार सनातन धर्म की जाग्रति और बच्चों को संस्कृति से परिचय करने को सामूहिक फलियारी एवं महाआरती का आयोजन किया गया है। सभी धर्मगुरुओं ने कन्या पूजन कर सामूहिक फलियारी की शुरूआत की। जिसमें आम जनता के साथ आगरा शहर कई के गणमान्य व्यक्तियों और जन प्रतिनिधियों ने प्रसाद पाया।

सह संस्थापक मयंक अग्रवाल ने बताया कि सनातन की प्राचीन परंपरा को पुनः स्थापित करने को गिरिराज सेवा मंडल ने इस आयोजन की शुरूआत की है। जिसमें भक्तों को फलाहार में कुट्टू के आटे की पूड़ी, दही-पकौड़ी, ताजे फल, फ्रूट क्रीम, खुरचन का लड्डू, आलू के चिप्स, घीया की बर्फी, बादाम मिल्क, आलू फ्राई, साबूदाना का कटलैट आदि की प्रसादी पत्तल पर ग्रहण की। सभी श्रद्धालुओं ने रात 9 बजे 251 दीपों से नौ देवियों की महाआरती की।

संरक्षक व बल्केश्वर महादेव मंदिर के महंत कपिल नागर ने बताया कि भक्तों ने मैया के जयकारे लगते हुए दर्शन किए। संयोजक उमेश बाबू अग्रवाल, विकल गर्ग, शेखर अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, संजय जैन और कुलभूषण गुप्ता ने व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर अध्यक्ष अजय सिंघल, महामंत्री विजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल बंसल, वीरेंद्र सिंघल, रविंद्र गोयल, आशी अग्रवाल, सीमा गोयल, रूचि बंसल, शिवानी आदि मौजूद रही।

# जिसका भोजन शुद्ध नहीं उसका भजन शुद्ध नहीं : पूर्णमति माताजी

एनएनआई



**आगरा।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर छीपीटोला के निर्मल सदन में आर्यका पूर्णमति माताजी के सानिध्य में जिनेंद्र माह अर्चना हुई। जिसमें सर्वप्रथम पारसनाथ भगवान को पालकी में विराजमान करके पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से निर्मल सदन लेकर आए जहां भगवान पारसनाथ का 108 कलशों से अभिषेक किया। शांति धारा पूर्णमति माताजी के मुखारविंद से हुई। जिनेंद्र माहअर्चना शुरू हुई जिसमें अष्टध की थाल सजाकर जिनेंद्र भगवान को अर्ग समर्पित किये तथा देव शास्त्र गुरु की पूजा हुई। तत्पश्चात भगवान पारसनाथ की पूजा, 16 कारण भावना की पूजा, आदि हुई। निर्वाण कांड पढ़ा गया और भगवान संभावनाथ का मोक्ष कल्याणक निवार्ण लाडू चढ़ाया गया। गुरु मां ने कहा जिसका भोजन शुद्ध नहीं उसका भजन शुद्ध नहीं है। अगर आप सच्चे जैन हो तो फाइव स्टार होटल के भोजन का त्याग करो। गुरु मां ने सभी को फाइव स्टार होटल में भोजन न करने का संकल्प दिलाया। गुरु मां ने कहा देव शास्त्र गुरु को अपना सच्चा मित्र बनना चाहिए क्योंकि जब कोई काम नहीं आता तब देव शास्त्र गुरु ही काम आते हैं। अध्यक्ष मनोज कुमार जैन, मुरारी लाल जैन, निर्मल मोढया, अमित जैन, अक्षय जैन, अनिल फौजी, राजीव जैन, सुनील जैन, देवेंद्र जैन, विमल जैन, दीपक जैन, मीडिया प्रभारी दिलीप जैन उपस्थित रहे।

# प्रभु संभवनाथ को चढ़ाया निर्वाण लाडू, मांगी मन्नत



- अवधपुरी में मनाया प्रभु संभवनाथ का निर्वाण कल्याणक महोत्सव

एनएनआई

**आगरा।** पदमप्रभु जिनालय परिवार अवधपुरी के अन्तर्गत वात्सल्य सेवा समिति के तत्वावधान में तीसरे तीर्थंकर संभवनाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक दिवस अवधपुरी स्थित नवनिर्मित श्री 1008 पद्मप्रभु जिनालय में मनाया गया। सर्वप्रथम भक्तों ने श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा की। संभवनाथ भगवान का निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य अजय जैन एवं रश्मि जैन परिवार को प्राप्त हुआ। उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं ने पंडित विवेक जैन के निर्देशन में निर्वाण काण्ड का वाचन किया। इस अवसर अजय जैन, इंद्रप्रकाश जैन, अनिल जैन, मनीष जैन, विवेक जैन, नरेंद्र जैन, रवि जैन, शुभम जैन, रश्मि जैन जैन, पुष्पा जैन, सीमा जैन, समस्त अवधपुरी जैन समाज के लोग सम्मिलित हुए।

# दक्ष कन्या मां भगवती की शोभायात्रा कल

## शोभायात्रा के आमंत्रण के लिए निकाली वाहन रैली



आगरा (एनएनआई)। महानगर की मुख्य प्रजापति समाज द्वारा आयोजित दक्ष कन्या मां भगवती की विशाल व भव्य शोभायात्रा पांच अप्रैल को प्रजापति देवी मंदिर से दोपहर दो बजे से निकाली जाएगी। इससे पूर्व आमंत्रण रैली का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों दोपहिया वाहनों के साथ रैली देवी मंदिर से शुरू होकर पंचकुइया, जीआईसी ग्राउंड, ताल मोटर्स, कोठी मीना बाजार, लोहामंडी चौराहा, तोता का ताल, सेंट जोंस आगरा कॉलेज, मोती कटरा, सदर भट्टी, धाकरान, पुलिस लाइन होते हुए देवी मंदिर पर समाप्त हुई। रैली का शुभारम्भ शोभायात्रा समिति के संरक्षक जयचन्द्र प्रजापति, भगवानवारा वक्ष, संयोजक सुनहरी लाल गोला व अध्यक्ष अशोक गोला ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर किया। नेतृत्व नवीन प्रजापति (महामंत्री) ने किया।

Rashtra Deep
Restaurants
Fully Air Conditioned
A/C BANQUET HALL FOR :-
BIRTHDAY KITTY PARTIES &
FAMILY FANCTIONS




NH-2, 15 K.M. Stone, Indian Oil Petrol Pump Premises,
Etmadpur, Agra, Mob :- 9563906777, 9568504777